53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 11.6°c | अधिकतम 22.7 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:05 सूर्यास्त-6:01 | वर्ष : 53/ अंक : 36 | बृहस्पतिवार, 06 फरवरी 2025 | माघ, शुक्ल पक्ष, नवमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

अगर वक्ता बुरा है तो मेहनत करो और अगर अच्छा है तो किसी की मदद करो।

दिल्ली में भाजपा सरकार बनाती दिख रही है : एग्जिट पोल

परिवर्तन संसार का नियम है.....

महंगी हुई बेटियों की विदाई, सोने की महंगाई ने आग लगाई

मुजफ्फरनगर, 5 फरवरी (बु.)। महंगाई की जब भी बात होती है, तो सरकार को कोसने के अलावा किसी के पास कुछ नहीं होता। पिछले दस वर्षों में महंगाई ने अपनी जो सीमाएं पार की हैं, शायद वह किसी और सरकार में नहीं हुई। महंगाई के दौर में कांग्रेस को कोसने वाली भाजपा आज महंगाई पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह से फेल है। सब्जी हो या सोना किसी भी प्रकार की महंगाई पर कभी सरकार का

नियंत्रण रहा ही नहीं। कभी टमाटर 100 के पार तो कभी नींबू 200 के पार तो कभी धनिया 400 रुपये के पार बिक चुका है। सब्जियों के साथ-साथ सरकार का कभी न पेट्रोल, डीजल और न बिजली की महंगाई पर नियंत्रण रहा। कपड़ा हो, गाड़ियां हों या अन्य कोई सामान, इस सरकार में सस्ता होता नहीं दिखा। पूरे दस साल मध्यम वर्ग का बजट हर समय गड़बड़ाया दिखाई दिया। कभी उसके पास बच्चों की पढ़ाई की फीस नहीं रही तो कभी रसोई के बजट ने मध्यम वर्ग का जीना मुहाल कर दिया। अब इसी क्रम में सोने ने अपने सारे रिकार्ड तोड़ने शुरू कर दिये हैं। पिछले एक माह में सात हजार रुपये प्रति तोले से अधिक सोने के रेट बढ़े हैं। 1 जनवरी को जहां सोने की कीमत प्रति तोला 78,350 थी तो वहीं 5 फरवरी को इसकी कीमत 85,500 हो चुकी है। यानि सोने के भाव में लगभग 9.1 प्रतिशत की तेजी आ चुकी है। ऐसे में जिन घरों में बेटियों की शादी है, वे घर परेशान हैं और फिर से एक बार उनके बजट गड़बड़ा गए हैं। सिर्फ सोने की बात करें तो यदि सामान्य मध्यम वर्गीय परिवार को यदि दस तोले सोना देना हो तो उसमें उसे 80 हजार रुपये अधिक देकर सोना खरीदना पड़ेगा। बड़ी बात यह है कि एक बार भी सरकार सोने की महंगाई पर चर्चा तक नहीं करती, क्योंकि सोना खरीदने का विषय एक ऐसा विषय है, जिसे जरा भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। क्योंकि कोई भी घर ऐसा नहीं है, जिस घर में बेटियों की शादी हो और सोना न दिया जाता हो। ऐसे गंभीर विषय पर भी सरकार को जब चिंता नहीं है तो और किन विषयों पर होगी। आमजन की मानें तो सरकार का यूं तो किसी भी चीज पर नियंत्रण नहीं है। भ्रष्टाचार से लेकर महंगाई तक प्रत्येक चीज सरकार के नियंत्रण के बाहर जाती दिख रही है। आम आदमी सरकार के खिलाफ सिर्फ इसलिए मुखर नहीं होता, क्योंकि वर्ष 2014 के बाद से देश में सुशासन कायम हुआ है। साम्प्रदायिक दंगों में कमी आई है । आतंकवाद और नकली नोटों जैसी गंभीर परेशानियों से आमजन को निजात मिली है। मगर सरकार का यदि महंगाई पर नियंत्रण न हुआ तो हो न हो एक दिन आम आदमी विशेषकर मध्यम व गरीब वर्ग सरकार से मुखर होता दिखाई देगा, जिसका खामियाजा मौजूदा भाजपा सरकार को ही भुगतना होगा। हरेक चीज में महंगाई ने आग लगाई हुई है, जो आम आदमी पर भारी पड़ रही है।

27 साल बाद दिल्ली में खिलने जा रहा है 'कमल'?

एग्जिट पोल्स में बिखर रहे आप की झाड़ू के तिनके, बीजेपी की सरकार आने का अनुमान

नई दिल्ली, 05 फरवरी (एजेंसी)। दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों के लिए बुधवार शाम वोटिंग खत्म हो चुकी है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के लिए मुकाबले में हैं। वहीं, बीजेपी इस बार 26 साल का सत्ता का सूखा खत्म करना चाहती है। कांग्रेस ने मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। हालांकि, एग्जिट पोल्स के नतीजे भगवा दल के लिए खुशखबरी वाले हैं। दिल्ली में वोटिंग खत्म हो चुकी है। वोटिंग के बाद आए एग्जिट पोल्स में सत्तारूढ़ आप पार्टी के लिए मायूसी वाली खबर है। वहीं अगर एग्जिट पोल्स का अनुमान सच साबित हुए तो 27 साल बाद बीजेपी दिल्ली में सत्ता में वापसी करती दिख रही है। एग्जिट पोल के नतीजों के इतिहास की बात करें तो 2015 में एग्जिट पोल के नतीजे वास्तविक नतीजों से बिल्कुल अलग थे। हालांकि, 2020 में एग्जिट पोल के नतीजे वास्तविक रिजल्ट के करीब थे। दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीट के लिए बुधवार को मतदान खत्म हो चुका है। वोटों की गिनती 8 फरवरी को होगी। चुनाव के बाद लगभग सभी चुनाव सर्वेक्षण एजेंसियों ने बीजेपी की जीत और आम आदमी पार्टी की हार का अनुमान व्यक्त किया है। अधिकतर सर्वेक्षणों में एक बार फिर संभावना जताई गई है कि कांग्रेस के लिए खाता खोलना भी मुश्किल हो सकता है। दिल्ली चुनाव के बाद जो भी एग्जिट पोलसामने आये हैं उनमें अधिकांश में बीजेपी की सरकार बनने का अनुमान है। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर दो एग्जिट में पोल में राजधानी में फिर से झाड़ू चलने की बात सामने आ रही है। जबकि नौ एग्जिट पोल के आंकड़ों में भाजपा को बहुमत या इसके आसपास दिखाया गया है। इससे भाजपा में उत्साह का वातावरण बना नजर आ रहा है। ग्रेटर कैलाश विधानसभा से आप उम्मीदवार सौरभ भारद्वाज का कहना है कि हमने दिल्ली के तीन चुनाव लड़े हैं और यह चौथा विधानसभा चुनाव है जो हम लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2013, 2015 के एग्जिट पोल से पता चला था कि हम हार जाएंगे और 2020 के एग्जिट पोल में दिखाया गया कि हमें कम नंबर मिलेंगे। इसी तरह, 2025 में भी दिखाया जा रहा है कि हमें कम सीटें मिलेंगी। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, मुझे लगता है कि एग्जिट पोल ने हमेशा दिखाया है कि आप को कम वोट मिलेंगे। बीजेपी हमेशा आम लोगों की आवाज को दबाती है ताकि वे डर के मारे बोल न सकें... आप का वोट शेयर हमेशा एग्जिट पोल में दिखाए गए वोट से ज्यादा आता है। दिल्ली में वोटिंग खत्म होने के बाद बीजेपी जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त नजर आ रही है। नई दिल्ली विधानसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने कहा, यह तय है कि 8 फरवरी को कमल खिलेगा। हम दिल्ली में सुशासन, स्वच्छ यमुना और रोजगार देंगे। अरविंद केजरीवाल को पूरा भरोसा है कि वह हार रहे हैं।

दिल्ली विधानसभा चुनाव

सीटें 70 । बहुमत 36

सर्वे एजेंसी	भाजपा+	AAP	कांग्रेस
मैट्रिज	35-40	32-37	0-1
पीपुल्स इनसाइट	40-44	25-29	0-1
पीपुल्स पल्स	51-60	10-19	0-0
जेवीसी पोल्स	39-45	22-31	0-2
P MARQ	39-49	21-31	0-1
चाणक्य स्ट्रैटजीज	39-44	25-28	2-3
पोल डायरी	42-50	18-25	0-2
डीवी रिसर्च	36-44	26-34	0
वीप्रिसाइड	18-23	46-52	0-1
माइंड ब्रिक	21-25	44-49	0-1
SAS	38-41	27-30	1-3
पोल ऑफ पोल्स	39	30	01

सुप्रीम कोर्ट ने दिये दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमितीकरण के आदेश

नयी दिल्ली, 04 फरवरी (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने स्थायी लाभ देने से बचने के लिए दैनिक वेतन अनुबंध पर श्रमिकों को काम पर रखने की प्रथा की कड़ी आलोचना की है और पुष्टि की है कि स्वीकृत पदों पर लंबे समय से कार्यरत अस्थायी कर्मचारियों को नियुक्तियाँ केवल उनके प्रारंभिक अस्थायी होने के कारण नियमित रोजगार से वंचित नहीं किया जा सकता है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ 1998 से 1999 तक गाजियाबाद नगर निगम के बागवानी विभाग द्वारा नियोजित मालियों की अपील पर सुनवाई कर रही थी। श्रमिकों ने आरोप लगाया कि वर्षों की लगातार सेवा के बावजूद उन्हें नियुक्ति पत्र, न्यूनतम वेतन, वैधानिक लाभ और नौकरी की सुरक्षा से वंचित किया गया। 2005 में, उनकी सेवाएं बिना किसी नोटिस या मुआवजे के अचानक समाप्त कर दी गईं।

अमेरिकी सैन्य विमान निर्वासित अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर अमृतसर पहुंचा

अमृतसर 05 फरवरी (वार्ता) अमेरिकी सैन्य विमान सी-17 निर्वासित अवैध भारतीय प्रवासियों के पहले जत्थे के तौर पर को 104 भारतीयों को लेकर बुधवार को अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दोपहर बाद 1.55 बजे उतरा। सूत्रों ने बताया कि निर्वासितों में से 30 लोग पंजाब से हैं, 33-33 हरियाणा और गुजरात से, तीन-तीन महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से और दो चंडीगढ़ से हैं। प्रारंभिक पूछताछ और सत्यापन के बाद, प्रशासन ने उन्हें पंजाब और हरियाणा में उनके निवास स्थान पर वापस भेजने की व्यवस्था की है। श्री डोनाल्ड ट्रम्प के अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद, वहां की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। अवैध तरीकों से अमेरिका में प्रवेश करने वालों पर कार्रवाई करने के आदेश देने के बाद यह अवैध भारतीय प्रवासियों का पहला जत्था है, जिसे निर्वासित किया जा गया है।

इंडिगो एयर लाइन पर साढ़े चार लाख का जुर्माना

रामपुर 05 फरवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में विधिक माप विभाग ने इंडिगो एयरलाइंस पर साढ़े चार लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। एयरलाइंस अपनी गलती मानते हुए जुर्माना जमा भी कर दिया है। विधिक माप विज्ञान विभाग अधिकारी मनोज कुमार ने बुधवार को बताया कि इंडिगो एयर लाईन ने यू ट्यूब पर अपनी एयर लाइन के एयर बस 320 में हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों को लुभाने के लिये रिक्लाइन सीट एंगल और लॉन्ग स्पेस का साइज गैर कानूनी यूनिट इंन्च मे दिया था। केंद्र सरकार के द्वारा 1956 में मीट्रिक प्रणाली को अपनाया गया था,इसलिए विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 की धारा 4 में प्रावधान है कि बाट माप की हर यूनिट, यूनिट्स की इंटरनेशनल सिस्टम पर आधारित मैट्रिक सिस्टम पर होगी।

अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को दस साल की सजा सुनाई

मुजफ्फरनगर, 05 फरवरी (बु.)। नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोर्ट ने 10 साल की सजा व 20 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। एडीजीसी प्रदीप बालियान ने बताया कि तितावी थाना क्षेत्र के एक गांव व्यक्ति ने 2 फरवरी 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि गांव नूनाखेडा निवासी अमित उर्फ काला उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर ले गया। आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर पीड़िता को बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। इस मामले की सुनवाई पोक्सो कोर्ट नम्बर 1 में हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात आरोपी को 10 साल की सजा व 20 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

अलग-अलग सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला व बच्चे की मौत

मीरापुर, 5 फरवरी (बु.)। मीरापुर क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक वृद्ध महिला व एक 6 वर्षीय बालक की मौत हो गई। दोनों मृतकों के परिजन बिना किसी पुलिस कार्यवाही के शवों को अपने साथ ले गए। बुधवार को गाजियाबाद के वसुंधरा निवासी फौजी राजेंद्र भंडारी पुत्र गोदान सिंह अपनी वृद्ध माता छावनी देवी (92) के साथ अपनी कार से गाजियाबाद से उत्तराखंड एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही इनकी कार दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग मीरापुर थाने की कैथोड़ा पुलिस चौकी के समीप पहुंची, तो अचानक सामने आए किसी जानवर को बचाने के प्रयास में इनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। कार पेड़ से इतनी तेजी से टकराई की कार के परखच्चे उड़ गए तथा कार में सवार वृद्धा छावनी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने एम्बुलेंस की मदद से घायल महिला छावनी देवी को उपचार के लिए जानसठ सीएचसी भिजवाया, किन्तु रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पर मृतक

महिला के अन्य रिश्तेदार भी मौके पहुँच गए तथा बिना किसी पुलिस कार्यवाही के वृद्धा के शव को अपने साथ ले गए, वहीं दूसरी तरफ गांव खेड़ी सराय निवासी कल्लू अपने छह साल के पोते सारिक के साथ ट्रैक्टर से अपने खेतों की जुताई करने के लिए जंगल जा रहा था। जैसे ही ट्रैक्टर भुम्मा हाशमपुर मार्ग पर पहुंचा, तो अचानक उसका ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया, जिस कारण ट्रैक्टर पर बैठा छह साल का सारिक ट्रैक्टर के नीचे दब गया और उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पर पहुंचे सैंकड़ों ग्रामीण व अन्य परिजन मौके पर पहुँच गए तथा मृतक बच्चे के शव को घर ले आये और बिना पुलिस करवाई के शव को सुपुर्द खाक कर दिया। दोनों घटनाओं में पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई।

नरेंद्र मोदी ने श्रद्धा के साथ किया त्रिवेणी में स्नान

महाकुम्भ नगर, 05 फरवरी (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्रयागराज महाकुम्भ में मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी के पावन संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर पूरी दुनिया को एकता का संदेश दिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान किया। पावन डुबकी लगाने से पहले प्रधानमंत्री ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान वह रुद्राक्ष की माला का जप करते भी नजर आए। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की अराधना करते हुए उन्होंने पावन डुबकी लगाई। डुबकी लगाने के बाद उन्होंने गंगा पूजन और आरती भी की। इससे पूर्व प्रधानमंत्री के प्रयागराज आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाने से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधिवत पूजा अर्चना की। संगम में उतरने से पहले पीएम ने सबसे पहले आस्था के साथ जल को स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और फिर सूर्य को अर्घ्य दिया और तर्पण भी किया। संगम स्नान के बाद उन्होंने पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन भी किया। काले कुर्ते और भगवा पटके व हिमांचली टोपी पहने प्रधानमंत्री मोदी ने वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच संगम त्रिवेणी में अक्षत, नैवेद्य, पुष्प, फल



और लाल चुनरी अर्पित की। इसके बाद उन्होंने संगम स्थल पर तीनों पावन नदियों की आरती भी उतारी। वहा मौजूद तीर्थ पुरोहित ने उनका टीका लगाकर अभिनंदन किया। पूजन अर्चन के बाद पीएम मोदी, मुख्यमंत्री के साथ उसी बोट पर बैठकर वापस हैलीपैड की ओर रवाना हो गए। महाकुम्भ में जहां दुनिया भर के श्रद्धालुओं का समागम हो रहा है, वहां प्रधानमंत्री ने पावन डुबकी के माध्यम से पूरी दुनिया को एक भारत श्रेष्ठ भारत और वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया। बुधवार को पीएम मोदी का संगम स्नान बहुत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण रहा। इस दौरान विशिष्ट योग का भी संयोग रहा। दरअसल, बुधवार का दिन विशेष था, क्योंकि हिदू पंचांग के अनुसार इस समय गुप्त नवरात्रि चल रही है और बुधवार को भीष्माष्टमी भी थी। गुप्त नवरात्रि पर जहां देवी पूजन किया जाता है तो वहीं, भीष्माष्टमी पर श्रद्धालु अपने पुरखों का तर्पण और श्राद्ध भी करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से वह एमआई 17 हेलिकॉप्टर में बैठकर डीपीएस हेलिपैड पहुंचे। यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया। यहां से प्रधानमंत्री अरैल घाट पहुंचे, जहां से विशेष बोट पर सवार होकर उन्होंने त्रिवेणी संगम का रुख किया। बोट पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

युवती से बदसलूकी करता मनचला भोपा का निकला

मुजफ्फरनगर, 5 फरवरी (बु.)। बुधवार की दोपहर सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें एक युवती व एक युवक एक साइड में खड़े होकर कहासुनी कर रहे हैं। प्रथम दृष्टया लोगों ने सोचा कि उक्त मामला या तो किसी छेड़छाड़ से जुड़ा है या फिर कोई प्रेमी युगल आपस में नोकझोक कर रहा है। सोशल मीडिया पर युवती व युवक का चेहरा ब्लर करके जब चलाया गया तो पुलिस ने उक्त मामले का संज्ञान लिया और हाथोंहाथ कार्यवाही करते हुए भोपा से उक्त युवक को गिरफ्तार कर लिया। युवक को पुलिस द्वारा माकूल इलाज दिया गया। उक्त युवक भोपा के विलायतनगर निवासी रोहित निकला। पुलिस अभी इस युवक से पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि युवती नई मण्डी क्षेत्र में किसी पार्लर पर कार्य करती है और दोपहर के समय आरोपी युवक द्वारा युवती से छेड़छाड़ की गयी।

उत्तर प्रदेश में अब एक ही दुकान में मिलेगी देशी, अंग्रेजी शराब और बियर

योगी सरकार ने किया यूपी की आबकारी नीति में बड़ा बदलाव, कई नई व्यवस्था

लखनऊ, 05 फरवरी (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 2025-26 की आबकारी नीति को मंजूरी दे दी गई। नई नीति में देशी-विदेशी शराब, बीयर, भांग की फुटकर दुकानों का लाइसेंस ई-लॉटरी से होगा। विभाग इस बार पुराने लाइसेंस का रिन्यूवल नहीं करेगा। बता दें कि इससे पहले वित्तीय वर्ष 2018-2019 में ई-लॉटरी से दुकानें आवंटित हुई थी। हालांकि वित्तीय वर्ष 2026-27 में लाइसेंस रिन्यूवल का विकल्प दिया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार आबकारी नीति में प्रदेश में पहली बार कंपोजिट दुकानों का लाइसेंस भी जारी किया जाएगा, जिसमें विदेशी शराब, बीयर और वाइन की एक साथ बिक्री की सुविधा होगी। हालांकि इन दुकानों पर शराब पीने की अनुमति नहीं होगी। नई नीति में 55 हजार करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 4000 करोड़ रुपये अधिक है। वहीं प्रीमियम रिटेल दुकानों के लाइसेंस का रिन्यूवल 25 लाख रुपये वार्षिक फीस लेकर करने का फैसला लिया गया है। पिछले साल की तरह लाइसेंस फीस यथावत रखी गई है। कोई भी व्यक्ति, फर्म, कंपनी दो से अधिक लाइसेंस नहीं ले सकेंगी। कैबिनेट ने मथुरा में एक लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता का डेयरी प्लांट स्थापित करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी। पहले इसकी क्षमता 30 हजार लीटर प्रतिदिन स्वीकृत हुई थी, जिसे अब बढ़ा दिया गया है। परियोजना में निवेश से संबंधित सभी निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है। ग्रीन फील्ड डेयरी प्लांट पहले फिरोजाबाद के लिए स्वीकृत हुआ था, पर वहां जमीन नहीं मिल पाई। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी ने यह प्लांट मथुरा में लगाने की घोषणा की थी। वहां गोवंश काफी संख्या में है। साथ ही पर्यटकों की आवाजाही भी काफी रहती है। परियोजना के मथुरा में स्थापित होने से जहां पर्यटकों को बेहतर दुग्ध उत्पाद मिल सकेंगे, वहीं इससे रोजगार के अपार अवसरों का भी सृजन होगा।

आबकारी नीति के तहत मॉल्स के मल्टीप्लेक्स एरिया में प्रीमियम ब्रांड की दुकानें खोलने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि सक्षम स्तर से अनापत्ति मिलने पर हवाई अड्डों, मेट्रो व रेलवे स्टेशनों पर मुख्य भवन में प्रीमियम रिटेल की दुकानें अनुमन्य होंगी। इनका मुख्य द्वार भवन के अंदर होने की बाध्यता खत्म कर दी गई है। वहीं, पहली बार विदेशी मदिरा की 60 एमएल और 90 एमएल की बोतलों की बिक्री की अनुमति भी दी गई है।

कैबिनेट मीटिंग में मंजूर नई आबकारी नीति में ये हुए फैसले

- भांग की दुकानों की लाइसेंस फीस 10 फीसदी बढ़ी।
- मॉडल शॉप की लाइसेंस फीस में कोई बदलाव नहीं।
- प्रीमियम दुकानों का नवीनीकरण वित्तीय वर्ष 2027-28 तक हो सकेगा।
- ई लॉटरी के लिए आवेदकों को नए सिरे से पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा।
- तीन चरणों में होगी ई लॉटरी, फिर ई टेंडर से आवंटित होंगी दुकानें।
- पूर्व की तरह सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक खुलेंगी दुकानें।
- देशी मदिरा की बोतल और ट्रेटा पैक में एमआरपी दर्ज होगी।
- प्रत्येक फुटकर दुकान पर डिजिटल पेमेंट और सीसीटीवी अनिवार्य।

राहुल गांधी पर राष्ट्र गौरव के अपमान का आरोप, मुकदमा

बरेली, 05 फरवरी (एजेंसी)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ बरेली के एमपी-एमएलए कोर्ट में राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम के तहत परिवाद दाखिल किया गया है। कोर्ट 15 फरवरी को तय करेगा कि मामला सुनने योग्य है या नहीं। राहुल गांधी ने पिछले महीने कांग्रेस मुख्यालय के उद्घाटन के दौरान विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि हमारी लड़ाई सिर्फ आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) और भाजपा से नहीं बल्कि इंडियन स्टेट यानी भारत से है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि अगर आप समझ रहे हैं कि हमारी लड़ाई भाजपा और आरएसएस से है, जो आप समझ नहीं पा रहे। हमारी लड़ाई विचारों की लड़ाई है। आज सभी एजेंसियों को सिर्फ यह काम दिया गया है कि कैसे विपक्षी नेताओं को जेल में डाला जाए। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाते हुए कहा था कि चुनाव आयोग को भी निष्पक्ष होने की जरूरत है। परिवार दाखिल करने वाले अधिवक्ता वीरेंद्र गुप्ता व अन्य का कहना है कि राहुल गांधी का बयान संविधान और देश को अपमानित करने वाला है। उनके बयान से देश की एकता और अखंडता को ठेस पहुंची है। अब एमपी-एमएलए कोर्ट 15 फरवरी को तय करेगा कि परिवार सुनने योग्य है या नहीं।

सहारनपुर में तेज रफ्तार कार और ट्रक में टक्कर, तीन दोस्तों की मौत

सहारनपुर, 05 फरवरी (एजेंसी)। सहारनपुर में बेकाबू कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। हादसे में 3 दोस्तों की मौके पर मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि लाशें सीट पर चिपक गईं। कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को काटकर शवों को बाहर निकाला। तीनों दोस्त मां शाकंभरी देवी मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। हादसे के चलते सहारनपुर-दिल्ली हाईवे पर 2 किमी का जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन बुलाकर कार और ट्रक को हटावाया। इसके बाद आवागमन शुरू हुआ। पुलिस की शुरूआती जांच के मुताबिक, ड्राइवर को झपकी आने से हादसा हुआ। कार की स्पीड तेज थी। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा मंगलवार की देर रात दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर गंगनहर पुल के पास हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस शवों को कब्जे में लेकर घटना की जांच-पड़ताल में जुट गई। प्राप्त जानकारी की मुताबिक, सहारनपुर की तरफ से एक एक्सयूवी कार तेज रफ्तार से शामली की तरफ जा रही थी। इसी दौरान जैसे ही कार नानौता थाना इलाके के जंधेड़ी स्थित गंग नहर पुल के पास पहुंची, तभी सामने खड़े एक ट्रक में टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी

कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होते हुए ट्रक के नीचे घुस गया। इस दुर्घटना में कार में सवार तीनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची किसी तरह से कार में फंसे तीनों शवों को बाहर निकाला। पुलिस तीनों शवों कब्जे में लेकर पहचान करने में जुट गई। घटना की जांच-पड़ताल कर रही है।

ठेकेदार अभिमन्यु के खिलाफ जांच शुरू, पत्रावलियां तलब

सभासदों की शिकायत पर हो रही पालिका में जांच पड़ताल ▸ जांच अधिकारी कर निर्धारण अधिकारी ने एई निर्माण से मांगी पत्रावली

मुजफ्फरनगर, 05 फरवरी (बु.)। डीएम दरबार में फजीहत का सबब बने ठेकेदार प्रकरण में जांच शुरू हो गई है। पालिका सभासदों के खिलाफ शिकायत करने वाले ठेकेदार व उनकी फर्म के खिलाफ बोर्ड बैठक में 40 से अधिक वार्ड सभासदों की मांग पर गठित दो सदस्यीय कमेटी ने जांच शुरू कर दी है। इस मामले में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप द्वारा जांच अधिकारी नामित किए कर निर्धारण अधिकारी ने बुधवार को निर्माण विभाग से ठेकेदार से जुड़ी पत्रावलियां तलब की हैं। नेताजी सुभाष जयंती के दिन नगरपालिका निर्माण विभाग में 74 निर्माण कार्यों के टैंडर डाले जा रहे थे। इसी बीच यहां पहुंचे ठेकेदार अभिमन्यु चौहान और तुषार पचीसिया ने कुछ सभासदों पर आरोप लगाया था कि उन्हें निर्माण विभाग में टैंडर नहीं डालने दिया गया और धक्का-मुक्की करते हुए उन्हें वहां से भगा दिया गया। इसके बाद डीएम ने शिकायत मिलने पर सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप को जांच करने के लिए तत्काल टाउनहाल भेजा, जहां ठेकेदार

के आरोप गलत पाए गए थे, क्योंकि ठेकेदार अभिमन्यु की फर्म के टैण्डर निर्माण विभाग में ऑनलाइन अपलोड मिले, लेकिन ठेकेदार की शिकायत के कारण टैंडर निरस्त कर दिए थे। अगले दिन सभासदों ने डीएम से मिलकर मामले में झूठे आरोप लगाने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी, वहीं पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को भी पत्र देते हुए उक्त ठेकेदार पर फर्जी दस्तावेजों से नगरपालिका परिषद में रजिस्ट्रेशन कराने के साथ कई निर्माण कार्यों के टैंडर प्राप्त करने की जांच कराने की मांग की थी।

चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने सभासदों की शिकायत पर दो सदस्यीय जांच कमेटी का गठन करते हुए बिन्दूवार जांच आख्या तलब की है। इसमें कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार यादव व जेई जलकल धर्मवीर सिंह जांच टीम में शामिल हैं। बुधवार को जांच अधिकारी दिनेश यादव ने इस प्रकरण में ठेकेदार अभिमन्यु चौहान और उनकी फर्म आरके कन्स्ट्रक्शन से जुड़ी पत्रावलियों को निर्माण विभाग से तलब किया है। उन्होंने एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह को पत्र जारी करते हुए इस संबंध में बताया कि आरके कन्सट्रक्शन के नाम से ठेकेदारी करने वाले अभिमन्यु चौहान के खिलाफ अनियमितता करने की शिकायत पर पालिका चेयरपर्सन के आदेश से उन्होंने 3 बिन्दुओं पर मुख्य तौर पर जांच प्रारंभ की है, जिसके लिए संबंधित सभी पत्रावलियां उनको तत्काल उपलब्ध कराई जायें, ताकि समय से रिपोर्ट दी जा सके।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 05 फरवरी (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 06 फरवरी की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1890: महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न खान अब्दुल गफ्फार खान का जन्म। 1911: अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन का जन्म। वह इस पद पर पहुंचने वाले एकमात्र फिल्म अभिनेता थे। 1931: भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के पिता मोतीलाल नेहरू का इलाहाबाद में निधन। 1952: एलिजाबेथ द्वितीय ने ग्रेट ब्रिटेन की राजगद्दी संभाली। उन्होंने वर्ष 2002 में ब्रिटेन के राज सिंहासन पर अपने 50 वर्ष पूरे करने का जश्न मनाया था। 1958: म्यूनिख में एक विमान दुर्घटना में 21 लोग मारे गए। इनमें मैनचेस्टर युनाइटेड फुटबाल क्लब के सात खिलाड़ी भी थे। 1959: अन्ना चांडी केरल उच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश नियुक्त हुईं। 1971: अपोलो 14 के जरिए चांद पर पहुंचे एलन शेपर्ड ने दो दिन तक चांद पर चहलकदमी के दौरान एक गोल्फ क्लब से गोल्फ बॉल को हिट किया और चांद पर गोल्फ खेलने वाले पहले व्यक्ति बन गए। 1993: अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी आर्थर ऐश का एड्स से जुड़े निमोनिया से निधन। वह ग्रैंड स्लैम जीतने वाले पहले अश्वेत खिलाड़ी थे। 1994: पाकिस्तान में सार्वजनिक फांसी पर प्रतिबंध लगा। 2001: इजरा/ल में दक्षिणपंथी लिकुड पार्टी के एरियल शेरॉन ने चुनाव में जीत हासिल की। शेरॉन ने 1982 के लेबनान हमले में रक्षामंत्री के तौर पर अहम भूमिका निभाई थी। 2002: भारत ने सीमा में घुस आए पाकिस्तान के जासूसी विमान को मार गिराया। 2007: अमेरिका के इमोरी यूनिवर्सिटी में दलाई लामा प्रोफेसर नियुक्त हुए। 2008: भारत सरकार ने असम के माजुली द्वीप को वर्ष 2008 की विश्व विरासत सूची में शामिल करने के लिए सांस्कृतिक भू-स्थल के वर्ग में मनोनीत किया। 2017: वीके शशिकला तमिलनाडु की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनीं। 2022: विश्व एवं भारत की प्रख्यात पार्श्वगायिका एवं भारत रत्न से सम्मानित लता मंगेशकर का निधन।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 05 फरवरी, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- ढैया 1340, रसकट ढैया 1230-1250, चाकू 1380-1505, लड्डू 1380-1455, खुरपापाड़ 1330-1341, शक्कर मसाला 1675-1695। आमद- 7000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 05 फरवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	85500	चांदी-	95300
सिक्का-	10500	गिन्नी-	63850

आपका आज का राशिफल

बृहस्पतिवार, 06 फरवरी, 2025

मेष- आर्थिक प्रगति हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, आशाएँ फलीभूत, मित्रों-परिजनों से विचार विमर्श, जीवन साथी से सानिध्य, बकाए धन की वसूली, विवाद का समापन।
वृषभ- पराक्रम में वृद्धि, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, उत्साह में वृद्धि, बुद्धि का विकास, खुशी भी।
मिथुन- आरोप प्रत्यारोप की स्थिति उपस्थित, किसी से विश्वासघात की आशंका, वाद-विवाद से कष्ट, जोखिम से हानि, धन की क्षति, स्वजनों से मनमुटाव।
कर्क- सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, कुछेक समस्याएं हल, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, योजना को मूर्तरूप में परिणित।
सिंह- वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, परिवार में हर्ष एवं उल्लास का वातावरण, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति, संत समागम।
कन्या- स्वास्थ्य सुधार पर, किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, आत्मसंयम से प्रगति का सिलसिला, दाम्पत्य जीवन सुखमय, मनो-विनोद के सुअवसर प्राप्त, लाभ भी।
तुला- पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति में व्यवधान, कार्यक्षमता में व्यतिक्रम, व्यवहार में लापरवाही नुकसानदायक, आय की तुलना में व्यय अधिक, विवाद से अशांति।
वृश्चिक- आर्थिक उन्नति का सुयोग, आशानुकूल घटनाएँ घटित, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, मित्रों-स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, अध्यावसाय की ओर रुझान।
धनु- कार्य-व्यवसाय में विस्तार, आत्मसंयम से कार्य सिद्धि, परिश्रम के अनुरूप सफलता, रचनात्मक कार्यों में वृद्धि, पारिवारिक सम्बन्धों में सुधार, मान-प्रतिष्ठा।
मकर- वांछित प्रगति का प्रयास सार्थक, अपनी प्रतिभा का सदुपयोग, आमोद-प्रमोद के साधन उपलब्ध, परीक्षा प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण सफलता, स्थान-परिवर्तन।
कुम्भ- उन्नति का मार्ग अवरुद्ध, राजकीय पक्ष से असहयोग, प्रेम सम्बन्धों में प्रतिकूलता, वाद-विवाद की आशंका, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, आलस्य।
मीन- वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक गतिविधियों में अभिरुचि, आहार-विहार में नवीनता, सोचे हुए कार्य पूर्णता की ओर।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

केंद्र और यूपी सरकारों की जन कल्याणकारी योजनाओं का किया जाए प्रचार प्रसार: मकवाना

पात्रों की जांच सत्यापन को गठित की जाए कमेटी सरकार की योजनाओं की जानकारी को लगाए कैंप

मुजफ्फरनगर, 05 फरवरी (बु.)। सैंट्रल मानिटरिंग कमेटी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य भगवत प्रसाद मकवाना ने मेरठ रोड स्थित विकास भवन सभागार में अधिकारियों व सफाई कर्मियों के पदाधिकारियों संग संपन्न बैठक में जनपद की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी निकायों में सफाई कर्मियों के लिए जो लाभकारी व कल्याणकारी योजनायें समाज कल्याण वित्त निगम की ओर से संचालित हैं, उनका व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए, ताकि पात्रों को इसका लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि नगर पालिका सहित सभी निकायों में नियमित सफाई कर्मियों के साथ संविदा पर तैनात कर्मियों को साप्ताहिक अवकाश एवं सफाई कर्मियों की बस्तियों में नियमित हैल्थ कैम्प लगवाये जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य का परीक्षण समय समय पर करायें तथा निःशुल्क दवाईयां उपलब्ध कराई जायें। उन्होंने निर्देश दिए कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी के लिए नियमित शिविर लगाये जाएं, ताकि आमजन को योजनाओं की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि यह कमैटी सफाई कार्यों को करने वालों के उत्थान के लिए कार्य करती है। उन्होंने सफाई कर्मियों को सुरक्षा के उपकरण, समय पर मानदेय उपलब्ध कराने के साथ पूर्व में हाथ से मैला ढोने वाले व्यक्तियों के सत्यापन हेतु एक कमेटी का गठन किए जाने के निर्देश दिए, जिसमें सर्वेक्षण समिति व प्रशासन के लोग सम्मिलित किये जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि पुर्नवासन योजना अंतर्गत पात्र कर्मियों को योजनाओं के तहत ऋण उपलब्ध कराया जाये। वहीं मलिन बस्तियों में विकास कार्य कराए जाएं। उन्होंने नगरपालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को सफाईकर्मियों की समस्याओं का समय से समाधान करने के निर्देश देते हुए कहा कि सफाई कार्य करने वाले संविदा कर्मियों का ईपीएफ काटा जाए और इनके आयुष्मान योजना के तहत कार्ड बनाये जाने हेतु बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित कर शासन को भी प्रेषित किया जाए, ताकि सफाई कर्मियों को इसका लाभ मिल सके। बैठक में सीडीओ संदीप भागिया, एसपी ट्रैफिक अतुल चौबे, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, एसडीएम खतौली मोनालिसा जौहरी सहित सम्बन्धित अधिकारी व सफाई कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

फर्जी दस्तावेजों पर भूमि अधिग्रहण के लिए रेलवे से हड़पे 60 लाख रुपये

दो महिलाओं सहित आठ लोगों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया धोखाधड़ी का केस, फर्जी वारिस बनकर की जालसाजी

सहारनपुर, 05 फरवरी (एजेंसी)। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर देवबंद में जमीनों को कब्जाने का खेल बड़े पैमाने पर चल रहा है। नया मामला रेलवे विभाग से 60 लाख रुपये फर्जी दस्तावेजों की बुनियाद पर हड़पने का प्रकाश में आया है। इसमें दो महिलाओं समेत आठ लोगों के विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज किया है।
पुलिस ने मोहल्ला पठानपुरा निवासी अलताफ खान की तहरीर पर धोखाधड़ी का ये मामला दर्ज किया है। इसमें पठानपुरा (लाम) निवासी राहत, इकराम खान, सरफराज, मो. सफत खान, शाहनवाज खान, हयात खान, शहनाज खान और उसकी बेटी खुशनसीब खान को नामजद किया है। अलताफ ने बताया कि मोहल्ले का रहने वाला मेहर खां कृषि भूमि चक संख्या 1158 के मूल गाटा संख्या 348 रकबई 0-7-0 बिस्से पुख्ता में मालिक था। करीब 40 वर्ष पूर्व वह देवबंद छोड़कर चला गया था। इस दौरान रेलवे विभाग ने मेहर खां की भूमि का अधिग्रहण कर लिया था। मेहर खां की कोई औलाद नहीं थी। आरोपियों ने इसका लाभ उठाते हुए मरे हुए व्यक्ति रियासत को मेहर खां की औलाद दशार्ते हुए नगर पालिका से उसका मृत्यु प्रमाण पत्र हासिल कर लिया और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एसीओ द्वारा भूमि में अपनी विरासत दर्ज करा ली। जिसका इस्तेमाल कर उन्होंने रेलवे विभाग से उक्त भूमि का करीब 60 लाख रुपये मुआवजा ले लिया। इस खेल में उक्त लोगों ने मृतक रियासत की पत्नी शहनाज और बेटी खुशनसीब को भी शामिल कर लिया। अलताफ ने यह भी बताया कि मामले में कई बार उच्चाधिकारियों से भी शिकायत की गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पूरे मामले में केस दर्ज होने के बाद फर्जी दस्तावेजों से रेलवे विभाग से मुआवजा हड़पने वालों में हडकंप मचा हुआ है।

अरबपति शिया धर्मगुरु आगा खान चतुर्थ का पुर्तगाल में निधन

पेरिस, 05 फरवरी (एजेंसी)। शिया धर्मगुरु और दिग्गज अरबपति आगा खान चतुर्थ नहीं रहे। पुर्तगाल में 88 वर्ष की आयु में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनको मोहम्मद पैगंबर वंश का प्रत्यक्ष वंशज माना जाता था। आगा खान फाउंडेशन और इस्माइली धार्मिक समुदाय ने एलान किया कि आगा खान चतुर्थ के उत्तराधिकारी को उनकी वसीयत में नामित किया गया है। जिसे लिस्बन में उनके परिवार और धार्मिक नेताओं की उपस्थिति में बताया जाएगा। हालांकि इसकी तारीख की घोषणा नहीं की गई है। आगा खान फाउंडेशन ने एक्स पर लिखा कि शिया इस्माइली मुसलमानों के 49वें वंशानुगत इमाम और पैगंबर मोहम्मद के वंशज प्रिंस करीम अल-हुसैनी आगा खान चतुर्थ का 88 वर्ष की आयु में अपने परिवार के बीच लिस्बन में निधन हो गया। उनके नामित उत्तराधिकारी की घोषणा बाद में की जाएगी। आगा खान चतुर्थ ने दुनिया के सबसे गरीब और सबसे हाशिए पर रहने वाले समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए मानव, वित्तीय और तकनीकी संसाधनों को एक साथ लाने के लिए 1967 में आगा खान फाउंडेशन की स्थापना की थी। यह फाउंडेशन अफ्रीका, एशिया, यूरोप, मध्य पूर्व और उत्तरी अमेरिका के 18 देशों में काम करता है। आगा खान फाउंडेशन उनके परिवार और दुनिया भर के इस्माइली समुदाय के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता है।

चकबंदी का भूमि संबंधी पूरा रिकार्ड बुढ़ाना भेजने की मांग

किसानों ने राजस्व परिषद के चेयरमैन को पत्र भेजकर बताई अपनी समस्या

बुढ़ाना, 5 फरवरी (बु.)। बुधवार को बुढ़ाना क्षेत्र के दर्जनों किसानों ने जिला मुख्यालय पर जाकर चकबंदी बुढ़ाना का भूमि सम्बंधी रिकॉर्ड राजस्व अभिलेखागार से तहसील बुढ़ाना में भेजने के लिए एहतशाम सिद्दीकी एडवोकेट के नेतृत्व में डीएम ऑफिस के माध्यम से राजस्व परिषद के चेयरमैन को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि कस्बा बुढ़ाना, गांव सफीपुर पट्टी, लुहसाना, बिटावदा व सठेड़ी के चकबंदी विभाग द्वारा भूमि रिकॉर्ड 8 माह पूर्व नक्शा 45 के बाद राजस्व अभिलेखागार में जमा कर दिया गया है, जो कि अभी तक भी बुढ़ाना तहसील नहीं पहुंचा है, जिस कारण से बुढ़ाना क्षेत्र के सब किसानों को न तो अपनी भूमि की फर्द आसानी से मिल पा रही है और न ही बैनामे के अमल दरामद हो पा रहे हैं और कृषि कार्ड बनवाने में किसान के पसीने छूट रहे हैं। इन सब कार्यों के लिए 10 रुपए के स्थान पर हजारों रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं, जिससे क्षेत्र के किसानों में मायूसी व रोष है। बुढ़ाना क्षेत्र के किसानों ने अपनी मांग को रखते हुए ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि अगर बुढ़ाना क्षेत्र के किसानों की मांग पूरी न हुई, तो आंदोलन होगा। एहतिशाम सिद्दीकी एडवोकेट के नेतृत्व में राजस्व परिषद के अध्यक्ष को ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से डॉक्टर सुभाष चौहान, काजी शकील, दयाराम सैनी, ब्रह्मदत्त शर्मा, मनोज त्यागी, जावेद राणा, खुर्शीद मंसूरी, साबिर राणा, अहमद राजपूत, गुलजार कुरैशी, नवाब अहमद, आजाद बेग, मुंशी तमीज, साबिर मालिक, नसीम और बिलाल सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

मैक्सिको कोर्ट में संदिग्ध हत्यारे पर महिलाओं ने किया जानलेवा हमला

मैक्सिको सिटी, 05 फरवरी (एजेंसी)। न्यू मैक्सिको में हत्या के एक संदिग्ध पर शुक्रवार को कथित तौर पर पीड़ित के चाचा और सौतेले पिता ने कोर्ट में हमला किया, ये पूरी घटना कोर्टरूम के वीडियो में कैद हुई है। पुलिस के अनुसार, 21 वर्षीय अलेक्जेंडर ऑर्टिज को पिछले साल फरवरी में अपनी पूर्व प्रेमिका, एलियाना पर गोली चलाने के सिलसिले में अल्बुकर्क पुलिस ने गिरफ्तार किया था। एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ऑर्टिज पर प्रथम-डिग्री हत्या का आरोप लगाया गया था, जिसमें उसने मार्च में खुद को निर्दोष बताया था। शुक्रवार की सुबह, वह अल्बुकर्क में बर्नलिलो काउंटी कोर्टहाउस में एक याचिका सुनवाई के लिए कोर्टरूम में पहुंचा था, इस दौरान उस पर हमला किया गया। कोर्टरूम के वीडियो फुटेज में एक व्यक्ति को कोर्टरूम बैरियर को कूदते हुए और ऑर्टिज की ओर दौड़ते हुए देखा जा सकता है, इस दौरान आरोपी पुलिस और वकील के पीछे छिपने की कोशिश करता है।

मिल्कीपुर उपचुनाव: धांधली का आरोप लगाकर चुनाव आयोग पहुंची सपा, कहा-चुनाव में की गई गड़बड़ियां

लखनऊ, 05 फरवरी (एजेंसी)। सपा ने मिल्कीपुर उपचुनाव में सत्ताधारी दल के इशारे पर गड़बड़ की शिकायत चुनाव आयोग से की। सपा के पोलिंग एजेंटों को मतदान कक्ष से बाहर निकाल देने, पुलिस अधिकारियों के मतदाताओं की आईडी चेक करने, दर्जनों पोलिंग स्टेशनों पर भाजपा द्वारा फर्जी वोटिंग कराने, बीजेपी नेताओं द्वारा चुनाव को प्रभावित किए जाने की शिकायत की। यह भी बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी चुनाव में धांधली के वीडियो अपने एक्स एकाउंट पर साझा किए हैं। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, मो. शकील नदवी केके श्रीवास्तव, मनोज यादव और राधेश्याम सिंह मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि पुलिस-प्रशासन का रवैया अलोकतांत्रिक रहा। दर्जनों बूथों पर समाजवादी पार्टी के बूथ एजेंटों को डराया-धमकाया गया। भाजपा ने मिल्कीपुर में बेईमानी के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए। भाजपा के लोगों ने मिल्कीपुर उपचुनाव को प्रभावित करने के लिए अराजकता की। पुलिस-प्रशासन का उन्हें खुला संरक्षण मिला। पुलिस-प्रशासन ने खुली छूट देकर चुनाव आचार संहिता का घोर उल्लंघन किया। अखिलेश यादव ने कहा कि कई बूथों पर प्रशासन और बीएलओ ने फर्जी मतदान कराया। भाजपा के सत्ता संरक्षित लोगों ने बाहर से लोगों को बुलाकर फर्जी वोटिंग करवाई। बूथ संख्या-158 पर एसडीएम ने खुद बूथ कैप्चरिंग की शिकायत चुनाव आयोग से की गई। आयोग से मामले को संज्ञान में लेकर ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के समर्थकों ने खुद स्वीकार किया है कि उन्होंने फर्जी मतदान किया है। अकेले एक व्यक्ति ने 6 वोट डाल दिए। फर्जी मतदान करते हुए कुछ लोगों को सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने स्वयं पकड़ा है। रायपट्टी अमानीगंज में फर्जी वोट डालने की बात अपने मुंह से कहने वाले ने साफ कर दिया कि भाजपा सरकार में अधिकारी किस तरह से धांधली में लिप्त है। अखिलेश ने कहा कि कुछ बूथों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट अश्वनी कुमार और चौकी प्रभारी खंडासा अनुराग पाठक व पीठासीन अधिकारी ने मिलकर मतदान को प्रभावित किया। कई मतदान केंद्रों पर समाजवादी पार्टी के एजेंटों को या तो बाहर कर दिया गया या एजेंट ही नहीं बनाया गया। ज्यादातर बूथों पर ईवीएम खराब होने की शिकायतें मिलीं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव प्रक्रिया को ध्वस्त कर दिया है।

महाकुंभ का असर: काशी विद्यापीठ ने परीक्षाओं को टाला

वाराणसी, 05 फरवरी (एजेंसी)। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ परिसर और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में 15 फरवरी तक की सभी परीक्षाएं टल गई हैं। यह फैसला श्रद्धालुओं की ज्यादा भीड़ को देखते हुए लिया गया। वाराणसी समेत पांच जिलों में 228 कॉलेज हैं, जहां दो लाख से ज्यादा छात्रों को स्नातक और परास्नातक की सेमेस्टर परीक्षाएं देनी हैं। इससे पहले 31 जनवरी से 5 फरवरी तक की परीक्षाएं टाल दी गई थीं।
विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों के बीए, बीएससी, बीकॉम सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 फरवरी तक कराई जानी हैं। इसकी समय-सारिणी जारी की गई थी। पीजी के तीसरे, पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा भी 6 फरवरी से शुरू होनी थीं, लेकिन ऐसा नहीं हो सकेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षाएं 15 फरवरी तक के लिए निरस्त कर दी है। विश्वविद्यालय से पांच जिलों (वाराणसी, सोनभद्र, चंदौली, मिजार्पुर, भदोही) के 228 कॉलेज संबद्ध हैं। परीक्षा नियंत्रक दीप्ति मिश्रा ने बताया कि 15 फरवरी तक की सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। जल्द ही नई समय-सारिणी जारी की जाएगी। परीक्षा स्थगित किए जाने की जानकारी सभी प्राचार्यों, अधिकारियों को दी गई है।

अब कुलपति से मिला छात्र प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

छात्रहित में पीएचडी के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित कराने की मांग की

मुजफ्फरनगर, 05 फरवरी (बु.)। छात्र संघ के संयुक्त सचिव अमन जैन के नेतृत्व में छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने मां शाकुंभरी देवी विश्वविद्यालय सहारनपुर की नवागत कुलपति को श्रीराम चित्र व पटका पहनाकर शुभकामनाएं प्रेषित की। इसके साथ ही छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।
छात्र संघ के नेता अमन जैन ने बताया कि मां शाकुंभरी विश्व विद्यालय की नवागत कुलपति से मिलकर उन्होंने जिले के छात्रों की इन समस्याओं जैसे माइग्रेशन शुल्क में कटौती करने, माइग्रेशन और प्रोविजनल डिग्री के लिए ऑनलाइन पोर्टल संचालित करने, समर्थ पोर्टल की जानकारी को महाविद्यालय स्तर पर वेबीनार व कार्यशालाएं आयोजित करने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति और शैक्षिक मुद्दों से जुड़ी जानकारी समय-समय पर महाविद्यालय स्तर पर छात्रों को उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्था करने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में छूटी आंतरिक परीक्षाओं को बैक परीक्षाओं के साथ कराने की व्यवस्था आदि समस्याओं से अवगत कराया और छात्रहित में पीएचडी प्रवेश परीक्षा आयोजित कराए जाने की मांग की। छात्र नेता ने बताया कि कुलपति ने इन मांगों पर विचार कर समाधान कराने का आश्वासन दिया है। इस दौरान मुख्य रूप से कपिल कुमार, कृष्ण सैनी, विशु कुमार, रौनक कसाना व आकाश आदि उपस्थित रहे।

बड़ौत हादसा-घायल सुरेश जैन ने अस्पताल में तोड़ा दम तोड़ा

बागपत, 05 फरवरी (एजेंसी)। बड़ौत मान स्तंम्भ परिसर में हुए हादसे में मरने वालों का आंकड़ा बढ़ते हुए नौ तक जा पहुंचा है। मेरठ के अस्पताल में भर्ती सुरेश जैन (67) निवासी गुराना रोड की मौत हो गई है। सुरेश जैन की पत्नी ने हादसे के दौरान मौके पर ही दम तोड़ दिया था। 28 जनवरी को भगवान आदिनाथ के निर्माण महोत्सव पर नगर के मान स्तंभ परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। भगवान आदिनाथ को निर्वाण लड्डू चढ़ाए जाने के लिए 65 फीट ऊंचा लकड़ी का अस्थायी मचान बनाया गया था। जिस समय शांतिधारा की जा रही थी, उस समय यह लकड़ी का मचान अचानक टूटकर गिर गया था। इस हादसे में तीन महिलाओं समेत सात लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 50 से अधिक श्रद्धालु घायल हुए थे। जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। एक घायल महिला अंजू जैन ने गत शुक्रवार को दम तोड़ दिया था। अब मेरठ में इलाज करा रहे सुरेश जैन ने भी दम तोड़ दिया। उनके सर में गहरी चोट थी और वे कई दिनों से वेंटिलेटर पर थे। इस समाचार के बाद परिवार पर फिर से कहर टूट पड़ा, क्योंकि हादसे के दिन उनकी पत्नी कमलेश की मौत हो गई थी। परिवार में अब इस हादसे से दो लोगों की मौत हो चुकी है। इस तरह से हादसे में मरने वालों की संख्या 9 तक पहुंच गई है।

विद्यालय के पीछे पेड़ से लटकता मिला छात्रा का शव

सीतापुर, 05 फरवरी (एजेंसी)। सीतापुर जिले के पिसावां थानाक्षेत्र के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय के पीछे बेरी के पेड़ से कक्षा आठ की छात्रा का शव लटकता मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, फोरेंसिक टीम ने मौका मुआयना कर साक्ष्य संकलित किये। थानाक्षेत्र के सेजकला निवासी धीरसिंह की पंद्रह वर्षीय पुत्री सुभाषिनी पड़ोस के गांव खेरवा में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा आठ की छात्रा है। बुधवार सुबह वह अपने घर से नित्यक्रिया के लिए निकली और पूर्व माध्यमिक विद्यालय खेरवा के पीछे बेरी के पेड़ पर दुपट्टे का फन्दा लगाकर आत्महत्या कर लिया। कुछ देर बाद खेरवा गांव के ग्रामीणों ने शव लटकता देख परिजनों को जानकारी दी। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। वहीं, फारेन्सिक टीम ने मौके की जांच कर साक्ष्य संकलित किये। ग्रामीणों के अनुसार लड़की कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान थी। कुछ दिन पूर्व उसने विद्यालय में ही फंदे से झूलने का प्रयास किया था तब लोगों ने उसे बचा लिया था। प्रभारी थानाध्यक्ष डीपी मिश्रा ने बताया अभी तक परिजनों का किसी पर आरोप नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। घटना की जांच की जा रही है।

सीएमओ ने फिर जाना प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का हाल, दिए निर्देश

मुजफ्फरनगर, 05 फरवरी (बु.)। सीएमओ सुनील तेवतिया ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जड़ौदा का औचक निरीक्षण करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को जरुरी दिशा निर्देश दिए। बाद में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सुजडू में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण किया। सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जड़ौदा का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी-कर्मचारियों को स्पष्ट कहा कि वे अपनी कार्यशैली की गुणवत्ता को और सुधारने का प्रयास करें। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में वैक्सीन कोल्ड चेन, औषधियों के रखरखाव के साथ उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त करने को निर्देशित किया। वहीं उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ससमय से अपनी निर्धारित वेशभूषा में ड्यूटी करना सुनिश्चित करें। बाद में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सुजडू में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने ड्यूटी पर समय से उपस्थित होकर पूरी निष्ठा और लगन से कार्य करने के लिए निर्देशित किया।निरीक्षण के समय मनोज कुमार भी मौजूद रहे।

भारत से बातचीत के लिए गिड़गिड़ाए पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ

इस्लामाबाद, 05 फरवरी (एजेंसी)। पाकिस्तान ने एक बार फिर कश्मीर राग अलापा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तान भारत के साथ कश्मीर सहित सभी मुद्दों को बातचीत के जरिए हल करना चाहता है। उन्होंने कहा कि उनका देश कश्मीरी लोगों को अपना 'अटूट' समर्थन देता रहेगा। शरीफ ने 'कश्मीर एकजुटता दिवस' के मौके पर मुजफ्फराबाद में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की विधानसभा में एक सत्र को संबोधित यह टिप्पणी की। शरीफ ने कहा कि हम कश्मीर सहित सभी मुद्दों को बातचीत के जरिए हल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'भारत को पांच अगस्त 2019 की मानसिकता से बाहर आना चाहिए और संयुक्त राष्ट्र से किए गए वादों को पूरा करना चाहिए और संवाद शुरू करना चाहिए।' उनका इशारा जम्मू-कश्मीर को विशेष स्थिति को समाप्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के लिए संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाने की ओर था।

पति को मौत के मुंह से वापस खींच लाई केरल की 'पद्मम'

कोच्चि, 05 फरवरी (एजेंसी)। केरल के पिरावोम में एक महिला ने काली मिर्च तोड़ते समय गलती से 40 फुट गहरे कुएं में सिर के बल गिरे अपने पति को डूबने से बचाने के लिए जान की बाजी लगा दी। महिला अपने पति को बचाने के लिए कुएं में रस्सी के सहारे उतरी और बचाव दल के पहुंचने तक अपने पति को पकड़े रखा और डूबने से बचा लिया। महिला के साहस की हर कोई तारीफ कर रहा है। महिला और उसके पति को कुएं से सुरक्षित बाहर निकाले जाने के वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहे हैं। दरअसल स्थानीय निवासी रमेशन बुधवार को सुबह अपने घर के पिछले आंगन में लगे पेड़ से काली मिर्च तोड़ रहे थे। तभी अचानक पेड़ की एक शाखा टूटने के चलते वह गहरे कुएं में जा गिरे। कपल को बचाने वाले कर्मियों ने बताया कि रमेशन पहले से ही कई बीमारियों से जूझ रहे थे और कुएं गिरने के कारण वह लगभग बेहोश हो गए थे। अपने पति को कुंए में गिरता देख पद्मम (रमेशन की पत्नी) तुरंत ही रस्सी के सहारे कुएं में उतर गईं। बचाव दल के आने तक करीब 15-20 मिनट तक उसने अपने पति को पकड़ कर सीने तक पानी में तैरती हालत में रखा। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया, रस्सी को जोर से पकड़े रहने के कारण उनके हाथ बुरी तरह जख्मी हो गए थे। लेकिन उनका एकमात्र ध्यान अपने पति को बचाने पर था। उन्होंने बताया कि कुंए की गहराई ज्यादा होने के कारण दंपति ऊपर से

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

कुंभ स्नान और समस्त का कल्याण

कल महाकुंभ में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने समस्त के कल्याण के भाव से डुबकी लगायी। दिल्ली की आप पार्टी ने इसे चुनाव के दिन भाजपा के कल्याण हेतु लगायी गयी डुबकी बताया। पीएम मोदी ने संगम स्नान के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट की। पोस्ट में कहा कि महाकुंभ में आज पवित्र संगम में स्नान के बाद पूजा-अर्चना का परम सौभाग्य मिला। मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मन को असीम शांति और संतोष मिला है। समस्त देशवासियों की सुख-समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की कामना की। महाकुंभ में आस्था, भक्ति और आध्यात्म का संगम हर किसी को अभिभूत कर रहा है। देश के प्रधानमन्त्री की समस्त देशवासियों के कल्याण भाव से लगायी गयी डुबकी पर महाकुंभ में उपस्थिति श्रद्धालु और संतगण आहाल्दित हैं। संतों का कहना है कि जिस देश का प्रधान सेवक प्रतिपल अपने देश के कल्याण का चिंतन करता हो, उस देश का मंगल ही मंगल है। संतों का यह भी कहना है कि कुंभ को लेकर नकारात्मक चर्चा और प्रचार करने वाले ऐसे ही हैं, जैसे प्राचीन काल में यज्ञ में व्यवधान करने वाले होते थे। ये हर युग में होते आए हैं। यह स्वाभाविक है, इनकी अत्यधिक चिन्ता नहीं करनी चाहिए, बस इनसे सावधान रह कर, इनका मुँह तोड़ जवाब दिया जाता रहना चाहिए। पीएम मोदी के दौरे से पहले, पीएमओ ने कहा कि महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम है। यह दुनिया भर के भक्तों को आकर्षित करता है। भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने की प्रतिबद्धता प्रधानमन्त्री ने दिखाई है। इसके अनुरूप, पीएम मोदी ने तीर्थ स्थलों पर बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लगातार सक्रिय कदम उठाए हैं। महाकुंभ में श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो, इसलिए पीएम ने कार्यक्रम बेहद सीमित रखा। वह करीब दो घंटे प्रयागराज में रहे। उन्होंने किसी से मुलाकात नहीं की। यहां तक की दोनों डिप्टी सीएम केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक भी बमरौली एयरपोर्ट ही पर रहे। 54 दिन में पीएम का महाकुंभ का दूसरा दौरा है। इससे पहले 13 दिसंबर को यहां आए थे। तट पर उपस्थित श्रद्धालु पीएम मोदी को देखने के लिए उमड़े। इस दौरान मोदी-मोदी के नारे भी सुनाई दिए। कुंभ को लेकर नकारात्मक विमर्श के बीच अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी ने कहा कि कुछ माताओं-बहनों ने उन्हें बताया कि कच्छा बनियान गैंग और यू-ट्यूबर गैंग के लोगों ने मेले को खराब करने की साजिश की, इसकी जांच बेहद जरूरी है। जांच पर मुख्यमन्त्री योगी ने कहा कि जांच चल रही है। हम घटना की तह तक जाएंगे। यदि कोई दोषी निकला तो सजा भी दिलाएंगे। किस तरह सजा दिलाई जाती है, ये पिछले 8 साल में देखा जा सकता है। योगी ने खड़गे और अखिलेश को भी जवाब भी दिया। उन्होंने कहा कि एक ओर पूरा देश दुनिया सनातन धर्म के सबसे बड़े आयोजन का साक्षी बनकर गौरवान्वित हो रहा है, वहीं दूसरी ओर सनातन धर्म के खिलाफ सुपारी लेकर लगातार असत्य के प्रतिमान भी गढ़े जा रहे हैं। देश की संसद में कांग्रेस अध्यक्ष और सपा अध्यक्ष का बयान न केवल सनातन धर्म पर प्रहार है, बल्कि निंदनीय भी है और शर्मनाक भी है। इनकी गिद्ध दृष्टि को भी दिखाता है, जो पहले दिन से दुष्प्रचार कर रहे हैं। इनमें होड़ लगी है कौन कितना ज्यादा झूठ बोल जाता है। ये दोनों दल और सनातन विरोधी चाहते थे कि बड़ी घटना हो जाए। बहुत से वीडियो आ रहे हैं, जिनमें आम और खास लोग कुंभ व्यवस्था की तारीफ कर रहे हैं। प्रतापगढ़ की कुंडा सीट से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि महाकुंभ में आना हमारा सौभाग्य है, हम बचपन से आते रहे हैं। अभी यहां से जा रहे थे, तभी हमारे परम पूज्य गुरुजी देवरहा बाबा की प्रतिमा लगी हुई थी, तो उनके दर्शन करने आए थे। महाकुंभ आदिकाल ही से दिव्य है। इस बार इतनी अच्छी व्यवस्था की गई है। सफाई कर्मचारी से लेकर अधिकारी तक लगे हुए हैं कि किसी भी श्रद्धालु को दिक्कत न हो। पूरे विश्व का हिंदू सनातनी इस कुंभ में मौजूद है। हादसे को लेकर किसी पर दायित्व निर्धारित नहीं किया जा सकता है। ईश्वर से कामना है कि मृत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें। भगदड़ बहुत दुखद घटना है। होनी को कौन टाल सकता है? राजा भैया ने कहा कि कुछ लोगों का सवाल उठाना तो बनता है, जो कुंभ नहीं आते, हिंदू धर्म में विश्वास नहीं करते। ऐसे राजनीतिक दल तो छींटाकशी करेंगे ही। देश के कोने-कोने से यहां तक कि विदेशों से लोग आ रहे हैं, जो यहां से जा रहे हैं, वह संतुष्ट होकर के जा रहे हैं। सफाई और प्रशासनिक व्यवस्था से सब खुश हैं। इस महाकुंभ में करोड़ों लोग हैं, लेकिन कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं सो रहा है। यह एक चमत्कार है। कल महाकुंभ में बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और श्रीनिधि शेट्टी ने भी स्नान किया। साइना नेहवाल ने कहा कि आज मैं त्रिवेणी संगम आई हूं। यूपी सरकार को सलाम कि उन्होंने इतनी मेहनत की है और इतनी अच्छी व्यवस्था की है। साउथ की ब्लॉकबस्टर मूवी केजीएफ में रॉकी भाई यश की हीरोइन बनकर एक्टिंग से दिल जीतने वाली एक्ट्रेस श्रीनिधि शेट्टी महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। वह अपने पिता के साथ आयीं। भले ही कुंभ स्नान करने वाले श्रद्धालु मानते हों कि प्रधानमन्त्री ने कुंभ में डुबकी, जगत के कल्याण के भाव से लगायी हो, लेकिन सियासत तो सियासत है। सियासी गलियारों में प्रधानमन्त्री के स्नान के सियासी पहलू निकाले जा रहे हैं। वैसे भी चुनाव से पहले पीएम मोदी की तीर्थ स्थल पर जाने की परंपरा रही है। 11 साल पहले प्रधानमंत्री बने मोदी अब तक 11 बार वोटिंग के दिन तीर्थ जा चुके हैं। इनमें 8 में से 6 मौकों पर भाजपा सत्ता में आई। 2025 के कुंभ स्नान के लिए भी मोदी ने 5 फरवरी का खास दिन चुना, जब दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर वोटिंग जारी थी और मिल्कीपुर में भी उपचुनाव था। एक आप प्रवक्ता ने कहा है कि पीएम मोदी का इस दिन महाकुंभ जाना चुनावी रणनीति का हिस्सा हो सकता है और इससे गंभीर सवाल खड़े होते हैं। दिल्ली में जब मतदान हो रहा होगा, तब प्रधानमन्त्री मोदी महाकुंभ स्नान करेंगे, इससे साफ होता है कि यह एक सोची-समझी योजना है, क्योंकि यह दिन चुनावी रूप से महत्वपूर्ण है। इनके हिसाब से पीएम का कुंभ स्नान समस्त का कल्याण नहीं केवल भाजपा का कल्याण है।

चार मोती

सुनील उत्सव

"शैतान" "अम्न" "इन्सान" "नफरत"

शैतान के चेलों ने मजमा सा लगाया है,
जो अम्न के दुश्मन हैं ताली भी बजाते हैं।
इन्सान बचे कैसे हर मोड़ पे शैतां है,
नफरत की दुकाँ वाले नफरत को सजाते हैं।

मीरापुर में तीन दशकों से बंद पड़े शिव मंदिर को जागृत करेंगे यशवीर महाराज

- ब्राह्मण परिवार का निजी मन्दिर करीब 35 वर्षों से पड़ा है उजाड़

मीरापुर, 05 फरवरी (बु.)। मीरापुर में पिछले करीब 35 वर्षों से बंद पड़े 600 वर्ष पुराने मराठा शिव मंदिर की दयनीय स्थिति की जानकारी लगने पर यशवीर महाराज ने जीर्णोद्धार कराकर मंदिर जागृत करने की घोषणा की है। मीरापुर के मौहल्ला मुश्तर्क में मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में स्थित इस मंदिर में 13 फरवरी को हवन-पूजन कर जीर्णोद्धार किया जाएगा। मीरापुर कस्बे में करीब 35 वर्षों से मौहल्ला मुश्तर्क में एक मराठा कालीन शिव मंदिर उजाड़ स्थिति में बंद पड़ा है। बुधवार की दोपहर यशवीर महाराज ने एक वीडियो के माध्यम से मीरापुर स्थित उक्त शिव मंदिर का जीर्णोद्धार कराकर हवन-पूजन के बाद मंदिर को जागृत करने की बात कही है। वीडियो में यशवीर महाराज ने आरोप लगाया कि मुस्लिमों के उत्पीड़न से परेशान होकर यहां से ब्राह्मण परिवार पलायन कर गए थे, जिसके चलते मंदिर दयनीय स्थिति में पहुँच गया है। यशवीर महाराज द्वारा मंदिर का जीर्णोद्धार कराए जाने की घोषणा से खुफिया विभाग में हड़कम्प मच गया है तथा पुलिस व खुफिया विभाग इस मामले पर पूरी तरह अलर्ट हो गया है। उधर मंदिर के जीर्णोद्धार की सूचना पर मुस्लिम परिवारों ने भी प्रसन्नता जाहिर की। मंदिर के पास रहने वाले हाजी असगर कुरैशी व हाजी अनवर ने बताया कि तीन दशक पूर्व नरेन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, पारस शर्मा, गंगा शर्मा, मुन्नू शर्मा, पूरण शर्मा समेत यहां कई ब्राह्मण परिवार रहते थे तथा मंदिर में पूजा-अर्चना होती थी। वर्ष 1989 में सुरेन्द्र शर्मा के पुत्र-पुत्री की अपहरण के बाद हत्या हो गयी थी, जिसके बाद से ब्राह्मण परिवार अपने आप ही यहां से चले गए थे तथा मंदिर में पूजा अर्चना बन्द हो गयी थी, किन्तु सुरेन्द्र शर्मा की पत्नी मधु शर्मा व पुत्र शशांक यदा-कदा यहाँ आते रहते हैं तथा सभी मुस्लिम परिवारों से उनके सम्बंध मधुर हैं। मंदिर के बराबर में रहने वाले आफताब आलम ने बताया कि ब्राह्मण परिवार के यहाँ से जाने के बाद इस मंदिर में उनकी दादी अमीर बेग दीया-बाती करती थी तथा दादी के इंतेकाल के बाद काफी समय तक उनकी माँ खुर्शिदा ने दीया बाती की, किन्तु कुछ वर्ष पूर्व जब मंदिर के पास दीवार कर दी गई, तो फिर मंदिर में कोई नहीं गया। उन्होंने बताया कि मुस्लिमों द्वारा उत्पीड़न किए जाने तथा जमीन पर कब्जा करने के आरोप बेबुनियाद है।

मंदिर की स्वामी महिला ने भी मुस्लिमों पर भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया

मीरापुर, 05 फरवरी (बु.)। महिला मधु शर्मा ने बताया कि उनके ससुर राजेंद्र प्रसाद शर्मा के दो पुत्र थे, जिनमें बड़े नरेंद्र शर्मा तथा सुरेंद्र शर्मा छोटे थे। सुरेंद्र शर्मा के साथ उनकी शादी हुई थी। मधु शर्मा ने बताया कि वर्ष 1989 में उनकी 10 वर्षीया पुत्री शिवानी तथा आठ वर्ष पुत्र राहुल की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी, किन्तु हत्या के कारण आज तक पता नहीं चल सका। दोनों बच्चों के शव कच्चा-पक्का तालाब में मिले थे, जिसके छः माह बाद हार्ट अटैक से सुरेंद्र शर्मा की मृत्यु हो गई थी तथा नरेंद्र शर्मा अपनी भाभी मधु तथा डेढ़ वर्षीय भतीजे शशांक के साथ इस मकान से निकलकर मीरापुर में ही परिचितों के निकट आकर रहने लगे थे, जिसके बाद नरेंद्र शर्मा की मृत्यु हो गई तथा वर्ष 2002 में मधु शर्मा अपने पुत्र के साथ मेरठ में जाकर रहने लगी थी तथा करीब दो वर्ष पूर्व अब वह पुनः वापस मीरापुर की पंजाबी कालोनी में ही अपने परिवार के साथ रह रही है। मधु शर्मा ने कुछ मुस्लिम लोगों पर उत्पीड़न करने व अपनी जमीन कब्जाने का आरोप लगाया।

स्व.प्रेमवती की स्मृति में लगाया गया निःशुल्क हार्ट चेकअप कैंप

मुजफ्फरनगर, 05 फरवरी (बुस.)। मेरठ रोड स्थित संतोष हॉस्पिटल (सिंगल नर्सिंग होम) स्व. प्रेमवती धर्मपत्नी स्व.लाला ताराचन्द सराफ की दसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल एवं समस्त अग्रवाल परिवार की अध्यक्षता में आज निःशुल्क हार्ट चेकअप कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें दिल्ली से पधारे एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल के डॉ. धनंजय कुमार, डॉ. राहुल कुमार डॉ. हर्षवर्धन, डॉ. पल्लवी ने 150 से अधिक मरीजों का निःशुल्क चेकअप किया। हार्ट चेकअप कैंप में बतौर मुख्य अतिथि पधारे मंत्री कपिल अग्रवाल ने हार्ट चेकअप कैंप का उद्घाटन किया तथा (स्व.प्रेमवती) जी के स्मरण में कैंप की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समय-समय पर ऐसे कैंप का आयोजन होना चाहिए, जहां मरीजों का निःशुल्क चेकअप किया जाता है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विजय शुक्ला (पूर्व जिलाअध्यक्ष), सुनील तेवतिया मुख्य चिकित्सा अधिकारी, भाजपा नेता श्रीमोहन तायल आदि को पटका माला पहनाकर सम्मान किया गया। होतीलाल शर्मा, शिव नारायण, पुष्पेंद्र अग्रवाल, नवीन, अभिषेक, प्रशांत, प्रसून, दीपा अग्रवाल, झलक, श्रीमती रुक्मिणी देवी, अंजू अग्रवाल, प्रभा अग्रवाल, रचना, अमित गर्ग, पुष्पा गर्ग, अर्चना सिंघल, अंकुर गर्ग, अमरीश सिंगल, रमेश सिंगल, कुश पुरी, निशांक जैन, भीम कंसल, कृष्ण गोपाल मित्तल, डॉ. एम. एल गर्ग, डॉ. रामानी, डॉ. पी.के.काम्बोज, आलोक स्वरूप, दिनेश मोहन, दीपक बंसल, श्रवण सर्राफ, अजय सिंघल, राजन अग्रवाल, के.के.बंसल, अवनीश मोहन तायल, देवेंद्र गर्ग, रामकुमार तायल, शिवचरण गर्ग, टोनी बिंदल, विश्वदीप गोयल, अजय अग्रवाल(सी.ए), अशोक बंसल, बीएम गुप्ता, कमल गोयल, ल.के मित्तल, प्रमोद मित्तल, ललित अग्रवाल, लोकेश चंद्रा, मनोज जैन, पीके गुप्ता, सतीश मित्तल, राजकुमार अग्रवाल, शिवकुमार संगल, बृजमोहन, देवराज पवार, गिरीश अग्रवाल, परम कीर्ति शरण, मधुसूदन गर्ग, पंकज जैन, मुकेश अरोरा, मुकेश लाल, एडवोकेट राजकुमार गर्ग, पंकज जैन, श्रीकृष्ण अग्रवाल, रविंद्र चौधरी, मदन बालियान, राजीव अग्रवाल, अंकित मोहन, अभिषेक सोबती, बोहरन लाल आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

जानसठ, 05 फरवरी (बु.)। पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक फिसल गई, जिसमें बाइक चालक घायल हो गया। घायल को पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी जानसठ में भर्ती कराया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बुधवार की दोपहर को थाना क्षेत्र के गांव वाजिदपुर कवाली निवासी 30 वर्षीय नितिश अपनी बाइक द्वारा अपने गांव से कस्बे में आ रहा था। दोपहर को लगभग 12 बजे जब यह पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर तहसील के सामने के सामने पहुंचा, तो अज्ञात वाहन ने नितिश की बाइक में टक्कर मार दी, जिसकी वजह से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिसमें नितिश गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएससी जानसठ पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है। लोगों ने घायल के स्वजन को सूचना दे दी है। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि दुर्घटना की अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है।

मुफ्त राशन ले रहे अपात्र लोगों की छंटनी की तैयारी

नई दिल्ली, 05 फरवरी (एजेंसी)। सरकार ह्यप्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनाह्न (पीएमजीकेएवाई) के तहत ऐसे लोगों के पहचान की तैयारी कर रही है, जो अपात्र होते हुए योजना का लाभ रहे हैं। खबर है कि ऐसे लोगों की पहचान के लिए अब आयकर विभाग की मदद ली जाएगी। एक कार्यालय आदेश में कहा गया है कि आयकर विभाग पीएमजीकेएवाई के तहत अपात्र लोगों को लाभार्थियों की सूची से हटाने के लिए अपने आंकड़ों को खाद्य मंत्रालय के साथ साझा करेगा। पीएमजीकेएवाई के तहत उन गरीब परिवारों को मुफ्त राशन दिया जाता है जो आयकर का भुगतान नहीं करते हैं। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में पीएमजीकेएवाई के लिए 2.03 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो चालू वित्त वर्ष के 1.97 लाख करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से अधिक है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) को देश में कोविड-19 महामारी से हुए आर्थिक गतिरोधों के कारण गरीबों और जरूरतमंदों को होने वाली मुश्किलें कम करने के विशिष्ट उद्देश्य से शुरू किया गया था। हालांकि, सरकार ने पीएमजीकेएवाई के तहत मुफ्त खाद्यान्न वितरण की अवधि एक जनवरी, 2024 से पांच साल के लिए बढ़ा दी है। सीबीडीटी के अनुसार आयकर महानिदेशक (सिस्टम) को उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय में खाद्य वसार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) के संयुक्त सचिव को जानकारी देने का अधिकार होगा। नई व्यवस्था के मुताबिक, डीजीएलटी (सिस्टम), नयी दिल्ली को डीएफपीडी कर निर्धारण वर्ष के साथ आधार या पैन नंबर उपलब्ध कराएगा। यदि पैन या दिया गया आधार आपस में जुड़े हैं तो डीजीआईटी (सिस्टम) आयकर विभाग के डेटाबेस के अनुसार निर्धारित आय के संबंध में डीएफपीडी को जवाब देगा। यदि लाभार्थी का आधार नंबर आयकर डेटाबेस में किसी भी पैन से नहीं जुड़ा है, तो डीजीआईटी (सिस्टम) इसकी सूचना डीएफपीडी को देगा। इस तरह के जवाब और सूचना के लेनदेन का तरीका डीजीएलटी (सिस्टम) और डीएफपीडी तय करेंगे।

वर्णिका को बनाया एक दिन की एसडीएम

-यूपीएससी की तैयारी कर रही छात्रा के साथ हुआ था हादसा

जानसठ, 05 फरवरी (बु.)। यूपीएससी की तैयारी के दौरान हादसे के बाद छात्रा वर्णिका के डगमगा रहे आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए उसे एक दिन का एसडीएम बनाया गया। इस दौरान छात्रा ने जनता की समस्याओं को सुना और निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कस्बे के मौहल्ला शाहवान निवासी बार संघ जानसठ के अधिवक्ता सोनी कुमार गुर्जर की पुत्री वर्णिका ने एमएससी की परीक्षा पास की है। वर्णिका वर्तमान में यूपीएससी की तैयारी कर रही है। महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को छात्रा वर्णिका को एक दिन के लिए जानसठ की एसडीएम बनाया गया। इस दौरान छात्रा ने जनता की समस्याओं को सुनकर निर्देश दिए। एसडीएम सुबोध कुमार ने बताया कि कस्बा निवासी छात्रा वर्णिका यूपीएससी की तैयारी कर रही है, लेकिन हादसे के चलते पिछले सात माह से बेड रेस्ट पर थी। छात्रा के विश्वास का स्तर कम होने लगा था। जैसे ही मामले की जानकारी मुझे लगी तो, छात्रा का उत्साह बढ़ाने के लिए उसे एक दिन के लिए एसडीएम बनाया है। इस दौरान अधिवक्ता स्नेहलता सैनी, सचिव योगेश गुर्जर, यशवंत सिंह कांबोज एडवोकेट, सुरेंद्र कुमार एडवोकेट, दीपेश गुप्ता, आशुतोष बंसल, निशांत कांबोज, दिनेश बंसल आदि मौजूद रहे।

बिकाऊ है
मेन सर्राफा बाजार स्थित प्रीमियम लोकेशन का 310 गज का कमर्शियल प्लाट बिकाऊ है।
ज्वेलरी शोरूम, ऑफिस और कर्मिशयल कॉम्पलेक्स के लिए उपयुक्त
सम्पर्क करें-
9873189943
9711579688

पुलिस की निगरानी में संपन्न हुआ राशन डीलर का चुनाव

चरथावल, 05 फरवरी (बु.)। ग्राम कुटेसरा में बुधवार को राशन डीलर का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस दौरान ग्रामीणों ने अपने-अपने उम्मीदवार के पक्ष में समर्थन कर गिनती कराई, जिसमें अधिक समर्थन हासिल करने वाली अनुराधा को राशन डीलर के तौर चयनित कर लिया गया। चरथावल ब्लॉक के ग्राम कुटेसरा में लगभग एक वर्ष पहले अनुसूचित जाति की महिला के लिए आवंटित महिला राशन डीलर की शादी हो जाने पर उसने अपना इस्तीफा दे दिया था, तभी से ग्रामीण सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान आवंटन की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों की मांग पर दुकान आवंटन के लिए कई बार खुली बैठक का आयोजन हुआ, लेकिन हर बार बैठक स्थगित करनी पड़ी। अनुसूचित जाति की महिला राशन डीलर के चयन हेतु उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चुनाव प्रक्रिया अपनाई गई और ग्रामीणों ने अपने अपने राशन डीलर के उम्मीदवार के पक्ष में समर्थन जताया। बाकायदा समर्थकों की गिनती हुई और सबसे सधिक समर्थन हासिल करने वाली अनुराधा ने चुनाव प्रक्रिया में जीत हासिल की। भारी भीड़ के बीच एडीओ पंचायत शकील अहमद, सचिव गौरव बालियान आदि ब्लॉक स्टाफ ने चुनाव सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। एडीओ पंचायत शकील अहमद के नेतृत्व में राशन डीलर की चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। एडीओ पँचायत ने बताया कि राशन डीलर के चयन हेतु 3 प्रत्याशियों के बीच ही चुनाव प्रक्रिया कराई गई। इसी के बीच राशन डीलर के चुनाव को लेकर अपनाई गई चुनाव प्रक्रिया ने पूरा माहौल चुनावी बना दिया। बड़ी तादाद में ग्रामीण इकठ्ठा हुए और अपने-अपने उम्मीदवार के पक्ष में मत का प्रयोग किया। इस दौरान राशन डीलर के उम्मीदवार ग्रामीणों को अपने पाले में लाने का प्रयास करते नजर आए। राशन डीलर के चुनाव में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आया। रविदास मंदिर में चल रही चुनावी प्रक्रिया में सिर्फ पंचायत के ग्रामीणों की एंट्री रही, इसके अलावा मुख्य गेट से लेकर स्कूल परिसर में पुलिसकर्मी डटे रहे। निरीक्षक जयकिशोर व कुटेसरा चौकी प्रभारी अमित कुमार ने मोर्चा सम्भाले रखा।

डीएस पब्लिक स्कूल में सजाई विद्यार्थियों ने गणित प्रदर्शनी

मुजफ्फरनगर, 05 फरवरी (बु.)। यहां डीएस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने गणित विषय से जुड़ी परियोजनाओं पर मॉडल्स बना ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी सजाई। प्रदर्शनी में बच्चों ने वेस्ट मैटेरियल का प्रयोग करके गणित से जुड़े शानदार एवं ज्ञानवर्धक मॉडल्स बनाकर खेल-खेल में गणित की क्रियाएं सीखने एवं सिखाने की विधियां समझाई। कक्षा 6 से 8वीं तक के विद्यार्थियों ने इस गणित प्रदर्शनी में एक से बढ़कर एक ज्ञानवर्धक मॉडल्स बनाए। गणित प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विद्यालय के गणित अध्यापक गौरव शर्मा, संगम त्यागी, अतुल गुप्ता तथा अवधेश शर्मा एवं आर्ट व क्राफ्ट शिक्षक रविश शर्मा के निर्देशन में सांख्यिकी, ज्यामिति, अलजेब्रा, वर्गमूल, घनमूल और गणितीय गणनाओं से दिन-तिथि की गणना, विभाजकता के नियम क्षेत्रफल, परिमाप तथा त्रिविमीय आकृतियों से जुड़े सूत्र एवं गणना का प्रदर्शन, उससे जुड़ी गणितीय समस्याओं का हल ढूंढने वाले अद्भुत मॉडल्स बनाकर सभी को हैरान कर दिया। मुख्य अतिथि स्कूल चेयरमैन एसएल शर्मा तथा अतिथि डायरेक्टर रेनू शर्मा, एजुकेशन डायरेक्टर संतोष जैन तथा स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों के बनाए मॉडल्स को सराहते हुए उनकी प्रतिभा की प्रशंसा की। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाए ज्ञानवर्धक मॉडल्स व गणितीय तथ्यों को रोचकता के साथ सीखने एवं सीखने की विधियों का प्रदर्शन किया।

REQUIRED
Teachers For Class Play to UKG

THE PINE CREST SCHOOL
Jansath Road, Muzaffarnagar
Contact-6396182988

सीएमओ की सार्थक पहल:

ओपीडी में पहुंच मरीजों को दिया परामर्श, अधीनस्थों को किया प्रेरित

मुजफ्फरनगर, 05 फरवरी (बु.)। जनपद में चिकित्सकों की कमी का दंश झेल रहे सरकारी अस्पतालों में राहत देने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच अब चिकित्साधिकारियों ने भी कमान संभाल ली है। बुधवार को इस कड़ी में सीएमओ ने स्वयं जिला अस्पताल की ओपीडी में पहुंच कर यहां पर मरीजों को परामर्श दिया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को भी मरीजों को ओपीडी के निर्देश दिए। ओपीडी करने के लिए सीएमओ दूसरी बार जिला चिकित्सालय में पहुंचे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने बुधवार को जिला चिकित्सालय में मरीजों को ओपीडी में पहुंच स्वास्थ्य परामर्श दिया। बुधवार को उन्होंने पहले अपने कार्यालय में कामकाज को देखा, जिसके बाद वह हड्डी रोग विभाग के कमरा नं. 9 में ओपीडी के लिए पहुंचे। यहां उन्होंने कमरे में पहुंचने वाले मरीजों को परामर्श दिया। करीब एक घंटे से अधिक समय तक उन्होंने यहां पहुंचे 12 से अधिक महिला व पुरुष मरीजों को हड्डी रोग से संबंधित बीमारियों के संबंध में स्वास्थ्य परामर्श देते हुए उनका उपचार किया। सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने कहा कि हर चिकित्साधिकारी विभिन्न विषय में चिकित्सा परामर्श के लिए दक्ष है। उन्होंने हड्डी के मरीजों को परामर्श दिया। उन्होंने बताया कि जब चिकित्साधिकारी खुद ओपीडी करेंगे तो ओपीडी के चिकित्सक भी समय के साथ अलर्ट रहेंगे। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को इस दिशा में पहल किए जाने का आह्वान किया।

पुनीत कुमार ने यूपी के लिए रजत पदक हासिल किया

शाहपुर, 05 फरवरी (बु.)। क्षेत्र के गांव काकड़ा के रोइंग खिलाड़ी पुनीत कुमार ने उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में पुरुष युगल इवेंट में रजत पदक हासिल किया है। क्षेत्र के गांव काकड़ा निवासी रोइंग खिलाड़ी पुनीत कुमार ने उत्तराखंड के टिहरी में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में रोइंग (नौकायन) प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की ओर से भाग लिया। रोइंग प्रतियोगिता दो से पांच फरवरी तक आयोजित हुई, जिसमें पुरुष युगल इवेंट में फाइनल मुकाबला उत्तर प्रदेश, सर्विसेज, उत्तराखंड व मध्य प्रदेश के बीच खेला गया। उत्तर प्रदेश की ओर से पुरुष युगल इवेंट में पुनीत कुमार व आदिल खान फाइनल में खेले और उत्तर प्रदेश के लिए रजत पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश ने स्वर्ण तथा उत्तराखंड ने कांस्य पदक हासिल किया, जबकि सर्विसेज चौथे स्थान पर रहा । गौरतलब है कि गांव काकड़ा निवासी रोइंग खिलाड़ी जिला युवा कल्याण अधिकारी के पद पर कार्यरत है तथा वह वर्तमान में देवरिया जनपद में तैनात है। यह रोइंग खिलाड़ी देश के लिए एशियन गेम्स में दो मेडल जीता था। इसके अलावा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कई मेडल जीत चुका है। लक्ष्मण अवार्डी इस रोइंग खिलाड़ी ने अपना रोइंग करियर आर्मी से शुरू किया था। आर्मी में रहते हुए इस खिलाड़ी ने देश के लिए कई बार मेडल जीते। बताया गया कि इस खिलाड़ी ने अपने साथी खिलाड़ी के साथ युगल इवेंट में उत्तर प्रदेश के लिए पुरुष वर्ग में पहला पदक हासिल किया है। रोइंग खिलाड़ी की इस जीत से गांव व क्षेत्र में खुशी की लहर है।

नलकूपों पर चोरी करने वाले 2 चोर गिरफ्तार, बाइक, तमंचा व चोरी का सामान बरामद

चरथावल, 05 फरवरी (बु.)। पुलिस ने चैकिंग के दौरान नलकूपों पर चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से पुलिस ने बाइक, तमंचा व कारतूस,नलकूपों से चोरी किया गया सामान व नगदी बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों चोरों को जेल भेज दिया है। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में हिंडन चौकी प्रभारी सन्दीप कुमार, उपनिरीक्षक कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल दीपक यादव, लोकेश कुमार आदि ने मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान दो चोरों आबाद पुत्र मुस्तकीम निवासी ग्राम भैंसानी थाना थानाभवन जनपद शामली व शौकीन पुत्र यूसुफ निवासी ग्राम नंगला राई को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से एक बाइक, तमंचा व जिंदा कारतूस, एक इंजन की पुली व 450 रुपये की नगदी बरामद की है। पकड़े गए चोरों ने सुरेश कश्यप पुत्र सोमा कश्यप निवासी ग्राम चौकड़ा के खेत में लगे इंजन चोरी की घटना को भी कबूला है, जिनके कब्जे से पुलिस ने इंजन का चक्का बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए चोरों को जेल भेज दिया है।

एम.जी. पब्लिक स्कूल के विद्यार्

गुर्जर महापंचायत को लेकर हरिद्वार के बॉर्डर सील, सात जोन में बांटा जिला

रूड़की , 05 फरवरी (एजेंसी)। कस्बा लंढौरा में महापंचायत की आशंका को लेकर पुलिस की तरफ से हरिद्वार जिले को दो सुपर जोन तथा सात जोन में बांटा गया है। सुपर जोन में एसपी देहात और सीओ की तैनाती रहेगी। सुबह छह बजे से सभी पुलिसकर्मी अपने ड्यूटी प्वाइंट पर पहुंचेंगे। एसपी देहात ने ब्रीफिंग करते पुलिसकर्मियों को निर्देश दिये है। चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेगा। खानपुर के विधायक उमेश कुमार एवं पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन के बीच हुए विवाद के बाद गुर्जर नेताओं ने पहले पांच फरवरी को लंढौरा के रंगमहल में महापंचायत करने का दावा किया था। हालांक बाद में महापंचायत निरस्त करने की बात कही थी। महापंचायत निरस्त करने का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया था।

भारत-इंग्लैंड के मैच से पहले बवाल, टिकट खरीदने को मची भगदड़, लाठीचार्ज

नई दिल्ली , 05 फरवरी (एजेंसी)। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज 6 फरवरी से नागपुर में शुरू हो रही है। वहीं सीरीज का दूसरा मैच कटक के बाराबती क्रिकेट स्टेडियम में 9 फरवरी को खेला जाएगा। भारत-इंग्लैंड के बीच दूसरे वनडे मैच के लिए जैसे ही टिकट की बिक्री शुरू हुई बाराबती क्रिकेट स्टेडियम के बाहर फैंस का हुजूम उमड़ पड़ा और भगदड़ की स्थिति बन गई है। ऐसे में पुलिस को भीड़ नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज तक करना पड़ा है। बाराबती क्रिकेट स्टेडियम में टिकट खरीदने आए फैंस अनियंत्रित होकर काउंटर पर चढ़ने लगे थे। ऐसे में पुलिस को बुलाना पड़ गया। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि पुलिस ने फैंस पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने फैंस पर नियंत्रण बनाया तब जाकर मामला शांत हो सका। बता दें कि कटक के बाराबती क्रिकेट स्टेडियम में ऑनलाइन के अलावा ऑफलाइन टिकट की बिक्री हो रही है, जिसे फैंस वहां जाकर आसानी से खरीद सकता है। टिकट बिक्री के दौरान हुई भगदड़ को लेकर यह कहा जा रहा है कि प्रशासन ने लापरवाही बरती है। प्रशासन का इंतजाम सही नहीं था। इस भगदड़ में करीब 10 लोग के बेहोश और 15 के घायल होने की खबर है। हालांकि, आधिकारिक रूप से इस पूरे मामले पर ओडिशा क्रिकेट की तरफ से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। ऐसे में अब प्रशासन सवाल के घेरे में आ गया है। बता दें कि कटक के बाराबती क्रिकेट स्टेडियम में 44,574 दर्शकों की क्षमता है। इसमें से 24,692 टिकट ऑफलाइन बिक्री के लिए उपलब्ध कराए गए हैं जबकि बाकी के टिकट को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से खरीद सकते हैं।

नोएडा के 4 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली , 05 फरवरी (एजेंसी)। नोएडा में बुधवार को एक बार फिर स्कूलों को बम से उड़ने की धमकी मिली है। यह धमकी नोएडा के स्टेप बाय स्टेप स्कूल, द हेरिटेज स्कूल, ज्ञानश्री स्कूल और मयूर स्कूल को ईमेल भेज कर दी गई। स्कूल की तरफ से तुरंत इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई और ऐहतियात के तौर पर स्कूल परिसर को खाली कराया गया। फिर, डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते ने स्कूल में जांच पड़ताल शुरू कर दी। हालांकि, जांच के दौरान स्कूल में कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली है। डीसीपी नोएडा राम बदन सिंह ने बताया कि धमकी भरा ईमेल स्कूल प्रबंधन को मिला था। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। स्कूल में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। फिलहाल, साइबर टीम द्वारा ईमेल की जांच की जा रही है। डीसीपी ये भी कहा कि दिल्ली में चुनाव हो रहा है। ऐसे में नोएडा में इस तरीके से माहौल बिगाड़ने की कोशिश थी। ईमेल की जांच की जा रही है, जो भी दोषी पाया जाएगा, कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी नोएडा राम बदन सिंह ने बताया कि स्कूलों को बम से उड़ने की धमकी की खबर फैलते ही अभिवाहक स्कूल के बाहर जमा होने लगे। हालांकि, पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझा बुझाकर शांत कराया और बताया, इन अफवाहों पर ध्यान ना दें। पुलिस ने बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड के साथ स्कूलों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। स्कूल में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। स्कूल में क्लासेज फिर से आरंभ हो गई है। पूर्व में भी स्कूलों को बम से उड़ाने की मिली हैं धमकियां: इससे पहले भी समय-समय पर दिल्ली एनसीआर के अलग-अलग स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलती रही है। लेकिन जांच पड़ताल में पुलिस को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। बीते साल 18 दिसंबर को बिसरख थाना क्षेत्र के पेसिफिक वर्ल्ड स्कूल में करीब 9:29 बजे पर स्कूल की ईमेल पर एक मेल आया था। उस मेल में स्कूल को बम से उड़ने की धमकी दी गई थी। फिर उसके 10 मिनट बाद 9:39 पर एक दूसरा मेल आया और उसमें बताया गया कि पहले मेल में जो सूचना दी गई है, वह फर्जी है।

मुख्यमंत्री आतिशी के कर्मचारी से 5 लाख कैश बरामद

नई दिल्ली , 05 फरवरी (एजेंसी)। दिल्ली की मुख्यमंत्री व कालकाजी से आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी आतिशी के कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारी गौरव के कब्जे से 5 लाख रुपए नकद मंगलवार रात को बरामद किए गए हैं। पकड़ा गया गौरव दिल्ली सीएम दफ्तर में एमटीएस में काम करता है। दक्षिण पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने कैश बरामद होने की पुष्टि की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कार प्राइवेट थी। कार में ड्राइवर अजीत भी सरकारी था। बरामद कैश 5 लाख है और अचार संहिता में 50 हजार तक कैश लेकर चल सकते हैं। गोविंदपुरी थाना पुलिस एमटीएस कर्मचारी और ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। साथ ही पुलिस कानूनी कार्रवाई कर रही है। आयकर विभाग को सूचना दे दी है। दूसरी तरफ नई दिल्ली जिला पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने मंगलवार रात को ७ पर पोस्ट डालकर बताया कि तो तुगलक रोड थाना इलाके में पांच बाहरी लोग पकड़े गए हैं ,जो चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थे। इनको गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। डीसीपी साउथ ईस्ट रवि कुमार सिंह ने बताया कि हमें सूचना कॉल मिली थी कि कुछ लोगों को 5 लाख रुपये के साथ पकड़ा गया है। हमारी टीम वहां पहुंची और एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वाड टीम) ने गौरव और अजीत नाम के दो लोगों को सौंप दिया।

पैसे बांटने से लेकर फर्जी वोटिंग के आरोप, मतदान के बीच दिल्ली में जमकर हंगामा

नई दिल्ली , 05 फरवरी (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 70 सीटों पर मतदान जारी है। इस बीच भाजपा का आरोप है कि आम आदमी पार्टी (आप) फर्जी वोट डलवा रही है। दूसरी तरफ आप का आरोप है कि भाजपा नेता मतदाताओं को पैसे बांट रहे हैं। सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा और आप कार्यकताओं के बीच हंगामा हुआ। भाजपा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी वाले बाहर से महिलाएं लाए, जिन्होंने फर्जी वोट डाले हैं। भाजपा का कहना है कि बुर्के में महिलाओं ने फर्जी वोट डाला। मतदान के दौरान ग्रेटर कैलाश विधानसभा सीट से आप उम्मीदवार सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस चिराग दिल्ली के एक मतदान केंद्र पर लोगों को वोट डालने से रोकने की कोशिश कर रही है। जंगपुरा सीट से आप उम्मीदवार मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर पैसे बांटने का आरोप लगाया है। उनका कहना था कि जंगपुरा सीट पर बीजेपी के बूथ के साथ वाली बिल्डिंग में मतदाताओं को पैसे दिए जा रहे हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आप चुनाव को प्रभावित करने के लिए सुबह से यहां खड़े हैं। यहां बैरिकेड्स क्यों लगाए गए हैं? दिल्ली पुलिस के किस वरिष्ठ अधिकारी ने उन्हें बैरिकेड्स लगाने के लिए कहा है? यह सब गरीब ग्रामीणों को परेशान करने के लिए किया जा रहा है। जहां भी आम आदमी पार्टी का गढ़ है, वहां पर मालवीय नगर एसीपी और एसएचओ यह सब खुलेआम कर रहे हैं। एसएचओ ने कल रात हमारे निजी परिसरों पर भी छापा मारा।

ओडिशा हाईकोर्ट ने चोर को सुनाई 200 पौधे लगाने की सजा

झारसुगुड़ा, 05 फरवरी (एजेंसी)। ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में रहने वाले मानस अती को पुलिस ने 25 दिसंबर को गिरफ्तार किया था। उस पर आरोप था कि उसने एक बिजली आपूर्ति कंपनी के छह बिजली के खंभे चोरी किए, जिनकी कुल कीमत दो लाख रुपये से ज्यादा थी। यह मामला कोलाबिरा थाना पुलिस के पास दर्ज हुआ था। ओडिशा हाई कोर्ट ने एक अनोखी शर्त के साथ उसे जमानत दे दी । कोर्ट ने आदेश दिया कि मानस को अपने गांव और आसपास के इलाकों में 200 पौधे लगाने होंगे और उनकी देखभाल करनी होगी। इसके अलावा उसे हर 15 दिन में पुलिस के पास हाजिरी देनी होगी और सबूतों के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं करनी होगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि पौधों की व्यवस्था जिला नर्सरी करेगी और वन विभाग, पुलिस और राजस्व अधिकारी इस काम में मदद करेंगे। मानस को आम, नीम और इमली जैसे पेड़ लगाने होंगे, जो पर्यावरण के लिए फायदेमंद होंगे। इससे पहले दिसंबर 2024 में ओडिशा के बालासोर जिले में चोरी के शक में चार युवकों को बेरहमी से पीटने की खबर सामने आई थी। इस घटना में 32 साल के त्रिलोचन की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस घटना में 35 वर्षीय सतीश सिंह, 31 वर्षीय तपुआ महंती और 19 वर्षीय तपन प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने बताया था कि सारा गांव में अजय दास नाम के व्यक्ति की कपड़े की दुकान में चोरी हुई थी, जिसके बाद त्रिलोचन और उसके साथियों पर शक जताया गया था और ग्रामीणों ने चारों युवकों को ओडिशला चौक पर बिजली के खंभे से बांधकर पीटा था। इसी घटना में युवक की मौत हो गई थी। ये घटना काफी चर्चा में रही थी।

सर्राफ पुत्र पर फायरिंग करने वाले एक और बदमाश को मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगी

घायल बदमाश तीन दिन पूर्व पुलिस मुठभेड़ के दौरान बाइक लेकर हुआ था फरार

मीरापुर, 5 फरवरी (बु.)। मीरापुर में भुम्मा नहर पुल से भुम्मा की ओर जा रहे रास्ते पर बाइक सवार बदमाश के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश तीन दिन पूर्व डिग डेहरा मार्ग पर हुई मुठभेड़ में पुलिस को चकमा देकर भाग निकला था। घायल बदमाश छह दिन पूर्व मीरापुर में सरे बाजार सर्राफ पुत्र की हत्या करने के इरादे से फायरिंग करने की घटना में भी शामिल था। मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि मीरापुर पुलिस बुधवार की शाम कुतुबपुर झाल पर चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को कुतुबपुर की ओर से एक बाइक पर एक संदिग्ध युवक आता दिखाई पड़ा, जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो युवक बाइक लेकर भागने लगा, जिस पर पुलिस ने उसका पीछा शुरू किया, तो बाइक सवार युवक ने पुलिस पर फायरिंग कर दी तथा बाइक को भुम्मा नहर पुल से भुम्मा गांव की तरफ दौड़ा लिया, जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर जवाबी फायरिंग की, तो पुलिस की एक गोली बाइक चला बदमाश के पैर में जा लगी, जिससे वह नीचे गिर गया और घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया घायल बदमाश तीन दिन पूर्व डिग डेहरा मार्ग पर हुई पुलिस मुठभेड़ के दौरान फरार हुए शातिर बदमाश दीपक उर्फ बंटी पुत्र राम गोपाल निवासी ग्राम रहमापुर थाना बहसूमा निकला। इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि घायल बदमाश दीपक उर्फ बंटी बहसूमा थाने का हिस्ट्रीशीटर है तथा उस पर आधा दर्जन के करीब लूट व मारपीट आदि के मुकदमें दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश दीपक उर्फ बंटी छह दिन पूर्व मीरापुर में सर्राफ पुत्र आदर्श उर्फ तुषार की हत्या करने के इरादे से सरे बाजार फायरिंग करने की घटना में शामिल था । पुलिस को घायल बदमाश के पास से एक बाइक व एक तमंचा 315 बोर एक जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मुठभेड़ की सूचना पर सीओ भोपा देवव्रत वाजपेई मौके पर पहुँच गए।

यूपी में घटी शराब की ब्रिकी, जनवरी में शराब और जीएसटी का राजस्व 2037 करोड़ घटा

लखनऊ, 05 फरवरी (एजेंसी)। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के जनवरी माह में 17425.94 करोड़ रुपये का राजस्व मिला। जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 की जनवरी में 18603.38 करोड़ का राजस्व मिला था। उन्होंने बताया कि इस जनवरी पिछले वर्ष की तुलना में आबकारी और जीएसटी से मिलने वाला राजस्व कम हुआ है। वित्त मंत्री ने बताया कि कर राजस्व के अंतर्गत जीएसटी के रूप में जनवरी में 7167.29 करोड़ राजस्व मिला। जबकि गत वर्ष इसी महीने 7593.33 करोड़ का राजस्व मिला था। यानी इस जनवरी 426.04 करोड़ रुपये कम राजस्व मिला। वहीं वैट के अन्तर्गत जनवरी-2025 में 2797.32 करोड़ राजस्व मिला, जबकि गत वर्ष जनवरी में 2689.34 करोड़ का राजस्व मिला था। आबकारी के अन्तर्गत जनवरी-2025 में 3356.26 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष इसी महीने 4968.02 करोड़ रुपये मिले थे। इस तरह इस मद में भी 1611.74 करोड़ राजस्व घट गया। उन्होंने बताया कि 2025-26 की आबकारी नीति घोषित नहीं होने के कारण कमी दिख रही है। स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत जनवरी, 2025 की राजस्व प्राप्ति 2511.11 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह 2075.45 करोड़ रुपये मिले थे। परिवहन के अन्तर्गत जनवरी-2025 की राजस्व प्राप्ति 1110.83 करोड़ रही, जबकि गत वर्ष इसी माह प्राप्ति 898.44 रुपये थी। भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत जनवरी-2025 में 483.13 करोड़ राजस्व मिला, जबकि गत वर्ष 378.80 करोड़ मिले थे। वित्त मंत्री ने बताया कि राज्य कर के अंतर्गत जीएसटी एवं वैट मद में वित्तीय वर्ष 2024-25 के जनवरी माह में 9964.61 करोड रुपए की प्राप्ति हुई है, जो जनवरी में निर्धारित लक्ष्य का 71.1 प्रतिशत है। आबकारी मद में माह जनवरी में 3357.26 करोड रुपए की प्राप्ति हुई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 64.5 प्रतिशत है। इसी प्रकार स्टांप तथा निबंधन मद में जनवरी, 2025 में 2511.11 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है जो इस अवधि के निर्धारित लक्ष्य का 83.7 प्रतिशत है। परिवहन मद में माह जनवरी, 2025 में 1110.83 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई है जो इस अवधि तक निर्धारित लक्ष्य का 95.10 प्रतिशत है।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल से मिले पालिका के वार्ड सभासद

शामली रोड स्थित बिजलीघर से जुड़ी समस्या निदान की मांग

मुजफ्फरनगर, 05 फरवरी (बु.)। शामली रोड बिजलीघर से जुड़ी समस्याओं को लेकर नगर पालिका के सभासदों ने सरकार में मंत्री नगर विधायक कपिलदेव अग्रवाल से मुलाकात की। वार्ड सभासदों ने मंत्री से गर्मियों के बीच क्षेत्र के लोगों की विद्युत से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराते हुए शामली बिजलीघर की क्षमता बढ़ाने के साथ तीन फीडरों को अन्य बिजलीघर से जोड़े जाने से इस बिजलीघर को राहत मिलने की बात की। बुधवार को पालिका सभासदों का एक प्रतिनिधिमंडल योगेश मित्तल, राजीव शर्मा व मनोज वर्मा के नेतृत्व में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल से गांधी नगर आवास पर मिला। सभासदों ने विधायक व सरकार में मंत्री कपिल देव को गर्मियों की दस्तक के बीच नगर के शामली रोड बिजलीघर पर आवश्यक कार्य कराए जाने की मांग की। मंत्री को सौंपे पत्र में सभासदों ने 33,000 की विद्युत लाईन जो नरा से चालू करने का कार्य जो टैंडर हो चुका है, उसके सापेक्ष कार्य नहीं हो पाने पर चिंता व्यक्त करते हुए 33,000 विद्युत लाईन को चालू कराए जाने की मांग की, जिस पर खंबे गढ़ चुके है, लेकिन लाईन नहीं खींची गई। बुढ़ाना मोड़ पर नए बिजलीघर बनाने के टैंडर प्रक्रिया पूर्ण होने और सामान आदि भी उठ चुका है, परन्तु कार्य प्रारम्भ नहीं हो पा रहा है। सभासदों ने मंत्री को उक्त शामली रोड बिजलीघर के ओवर लोड चलने का हवाला देते हुए आने वाली गर्मियों में समस्या से अवगत कराते हुए निदान कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि शामली रोड बिजली घर पर पहले 12 हजार विद्युत कनैक्शन थे, जो अब 17-18 हजार हो गए हं, वहीं रेलवे लाईन का लोड भी यहीं आ गया। इसके अलावा बुढ़ाना रोड पर कई कालोनी अलग से बस चुकी है। उन्होंने सुझाव दिया कि ये तीनों फीडर नये बिजलीघर पर डाले जाने पर हमारा बिजलीघर सही प्रकार से चल सकेगा, अन्यथा ये ही गर्मियों में परेशानी के कारण बनेंगे। इस दौरान सभासद प्रशान्त चौधरी, मोहित मलिक, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

जाल में फंसाकर 2 लाख 91 हजार की ठगी

मुजफ्फरनगर, 5 फरवरी (बु.)। अलग-अलग दो घटनाओं में साइबर ठगों ने दो लाख इक्यानवे हजार रुपये की ठगी की घटना को अंजाम दिया, जिसमें थाना सिविल लाइन के मौहल्ला पंचशील कॉलोनी के निवासी वर्णित गर्ग ने थाना सिविल लाइन को जानकारी देते हुए बताया कि साइबर ठग ने मोबाइल पर चैनल को फॉलो करने के नाम पर उसके बदले रकम देने का लालच दिया। जिनके झांसे में आते हुए उसने सबसे पहले पूंजी निवेश में तीन गुणा रकम होने की बात कही। लालच में आकर वर्णिक द्वारा एक हजार रुपये ट्रांसफर कर दिये गए, जिसके बादले उसके पास 1300 रुपये आ गए। ऐसा करते-करते वर्णिक गर्ग ने 1.66 लाख रुपये का निवेश कर दिया, जिसे साइबर ठग ने पूरा का पूरा हड़प लिया। रकम न वापस आने पर इसकी शिकायत वर्णिक ने थाना सिविल लाइन में दर्ज कराई। वहीं दूसरे मामले में मंसूरपुर के गांव दूधाहेड़ी निवासी यशपाल सिंह ने कृषि सामान मंगाने के नाम पर एक कम्पनी को अलग अलग पचास हजार, चालीस हजार, पच्चीस हजार फिर बीस हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किये थे। उसके बदले यशपाल सिंह के पास न तो सामान की डिलीवरी हुई और न ही उसकी दी हुई 1.35 लाख रुपये की रकम ही वापस आ पाई। उक्त दोनों मामलों में गठित साइबर हेल्प डेस्क ने जांच शुरू कर दी है।

मस्कट लहराकर पत्नि को वीडियो भेजने वाला पति अरेस्ट

बुढ़ाना, 5 फरवरी (बु.)। अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये की नकदी ओर मोटर साइकिल न मिलने पर पहले तो एक कलयुगी पति ने अपनी पत्नि को गाली गलौच कर मारपीट करके घर से बाहर निकाल दिया और फिर अवैध हथियार को लहराकर एक वीडियो अपनी पत्नी को रील बनाकर भेज दिया। जब पत्नि ने अपने पति की इस करतूत का वीडियो वायरल कर दिया तो बुढ़ाना पुलिस भी हरकत में आ गयी और आरोपी को तलाश कर 24 घंटे में ही जेल भेज दिया। अब पत्नी ने आरोपी पति के खिलाफ अतिरिक्त दहेज और मारपीट करने का मामला भी दर्ज करने की मांग महिला थाने से की, तो पीड़िता को बयान के लिए 07 फरवरी को मुजफ्फरनगर बुलाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार खुशबू पुत्री दिलशाद निवासी मौहल्ला खाकरोबान बुढ़ाना ने बताया कि उसकी शादी बीते वर्ष 29 अक्टूबर को इरशाद पुत्र सईद निवासी ग्राम मंदवाडा संग हुई थी। उसके माता पिता ने उसकी शादी में अपनी हैसियत से अधिक 5 लाख रुपए से भी ज्यादा खर्च किये थे, जिसमें फर्नीचर, सोने व चाँदी के जेवरात व कीमती कपड़े आदि सामान दिया था। बीते 16 दिसम्बर को उसे पति इरशाद, जेठ दिलशाद व मुरसलीम और सास शकीना ने मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया था और 1 लाख रुपए व बाइक की मांग की थी। उसने अपने घर पर आकर सारी बाते अपने माता पिता को बतायी थी। अब वे उसे धमकी दे रहे थे। पति ने विगत दिवस अपनी पत्नी को अवैध हथियार लहराते हुए का एक वीडियो व्हाट्स ऐप पर भेजा, जिसमें वह रील में अवैध हथियार लहरा रहा है और एक गीत चल रहा है-कबूतर मरे गुलेल से। तो इसकी शिकायत उसने बुढ़ाना पुलिस चौकी पर की, तो पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया। तब महिला ने अपने पति की इस करतूत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया तो बुढ़ाना कोतवाल के निर्देश पर गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी प्रभारी संदीप कुमार ने आरोपी को कुल 24 घंटे में पकड़कर जेल भेज दिया। अब किसी ने जेल जाते समय आरोपी की वीडियो बनाकर वायरल कर दी, जिसमें गीत चल रहा है मुझे माफ करना ओम सांई राम। इस सम्बंध में बुढ़ाना पुलिस ने बताया कि गांव मंदवाड़ा में एक युवक अवैध मस्कट लहराकर दहशत का माहौल पैदा कर रहा था। आज उसको जेल भेज दिया गया है।

महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक उत्सवः साइना नेहवाल

प्रयागराज, 05 फरवरी (एजेंसी)। महाकुंभ के पावन अवसर पर देश-विदेश से श्रद्धालु संगम में स्नान के लिए उमड़ रहे हैं। भारत की स्टार शटलर और पूर्व ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल भी संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए बुधवार को महाकुंभ पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन है और वह खुद को सौभाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें यहां आने का अवसर मिला। साइना ने कहा कि इस पवित्र आयोजन का हिस्सा बनकर विशेष अनुभव हो रहा है। मैं उत्तर प्रदेश सरकार को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देती हूं। उम्मीद है कि ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आएंगे और इसे विश्वभर में प्रसिद्ध बनाएंगे। साइना ने आगे बताया कि वह आज शाम अपने पिता के साथ त्रिवेणी संगम जा रही हैं और भविष्य में अपनी मां के साथ भी यहां आने की इच्छा रखती हैं। साइना ने कहा, यह एक बहुत बड़ा उत्सव है। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे यहां आने का अवसर मिला। उन्होंने आगे कहा, मैं खुश हूं कि सभी लोग एकजुट हुए और दिखाया कि हम कितने मजबूत हैं। मुझे गर्व है कि यह उत्सव हमारे देश में हो रहा है। साइना नेहवाल ने देश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं ।

बीएसए ने किया 4 स्कूलों का औचक निरीक्षण

शैक्षिक स्तर में बताई गुणात्मक सुधार की जरुरत

बुढ़ाना, 5 फरवरी (बु.)। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बुधवार को बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के 2 गांवों के 4 परिषदीय स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें उन्होंने शैक्षिक स्तर में गुणात्मक सुधार किए जाने को बहुत जरूरी बताया। सभी 657 बच्चों में से 222 बच्चे अनुपस्थित पाए गये। मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय जौला नंबर-2 के निरीक्षण के समय विद्यालय में कार्यरत समस्त स्टाफ उपस्थित मिला। विद्यालय में 157 बच्चों के सापेक्ष 127 स्टूडेंट उपस्थित मिले। उन्होंने शैक्षिक स्तर में गुणात्मक सुधार की जरूरत बताई। मध्याह्न भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार बना मिला। आंशिक रूप से बच्चे यूनिफॉर्म में पाए गए। बालक-बालिका शौचालय एवं स्वच्छ जल के लिए सबमर्सिबल हैंड पंप क्रियाशील अवस्था में पाया गया। इसके अलावा उन्होंने पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जौला, नंबर एक का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण करने पर इमरान अली सहायक अध्यापक आकस्मिक अवकाश पर पाए गए। कार्यरत अन्य स्टाफ उपस्थित मिला। विद्यालय में कुल 415 बच्चों के सापेक्ष 239 बालक-बालिकाएं उपस्थित मिली। प्राथमिक विद्यालय गढ़ी सखावतपुर नंबर-1 के निरीक्षण के समय कार्यरत पूरा स्टाफ कार्यरत मिला। विद्यालय में 47 बच्चों में से 37 स्टूडेंट उपस्थिति मिले।

बच्चे से कुकर्म के मामले में पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई दस साल की सजा

मुजफ्फरनगर, 5 फरवरी (बु.)। जुलाई वर्ष 2016 को देवबंद निवासी एक छात्र के साथ मदरसे से पढ़कर घर लौट रहे छात्र के साथ रास्ते में आरोपी जावेद निवासी महमूदनगर थाना सिविल लाइन ने बहला फुसलाकर बच्चे से कुकर्म का प्रयास किया था। जावेद बच्चे को बहला-फुसलाकर बामनहेड़ी के जंगल में ले गया था। बच्चे के द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी जावेद के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। एडीजीसी विनय कुमार अरोरा व मनमोहन वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले की सुनवाई एडीजे पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश अंजनि वर्मा की कोर्ट में हुई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आज आरोपी जावेद को दस साल की सजा व दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

29 वर्ष से धरने पर बैठे मास्टर विजय सिंह महाकुंभ में करेंगे कल्पवास

मुजफ्फरनगर, 05 फरवरी (बु.)। भ्रष्टाचार व भूमाफियाओं के विरुद्ध 29 वर्षों के सबसे लंबे धरने पर बैठे मास्टर विजय सिंह प्रयाग महाकुंभ में शुद्धि व आत्म शक्ति के लिए 9 दिन कल्पवास कर पूजा अर्चना करेंगे। भारतीय अखाड़ा परिषद की धर्म संसद महामंडलेश्वर व साधु संतों से भेंट करते हुए भ्रष्टाचार, भूमाफिया, रिश्वतखोरी आदि बुराइयों की समाप्ति के लिए दिशा निर्देश का प्रस्ताव पारित करने की अपील करेंगे। नौचंदी एक्सप्रेस से प्रयागराज के लिए रवाना होते हुए मा.विजय सिंह ने बताया कि महाकुंभ के पवित्र स्नान का अभिप्रायः जीवन को शुद्ध एवं सात्विक बनाना है। वहीं अपने अंदर की बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प लेना है, वे प्रयाग महाकुंभ में एकांत में ईश्वर व गंगा मां से आराधना करेंगे इस बीच 3 दिन मौन रहेंगे, दिन में तीन बार संगम में स्नान करेंगे व एक समय भोजन लेंगे तथा महामंडलेश्वर और साधु संतों के प्रवचन सुनेंगे। उन्होंने कहा कि देश में भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी व कमीशनखोरी बुराईयां समाप्त नहीं हुई। लूट खसोट कर कुछ लोग देश को हानि पहुँचा रहे हैं, उन्हें सद्बुद्धि आए, वे ईमानदार बनें, अपने कार्य में शुचिता लाएं, नैतिक भौतिकवाद का अनुसरण करें आदि के संदर्भ में ईश्वर व गंगा मां से प्रार्थना एवं यज्ञ भी करेंगे। बता दें, मास्टर विजय सिंह भ्रष्टाचार और भूमाफियाओं के विरुद्ध जनहित में सार्वजनिक भूमि को दबंगों से मुक्त कराकर गरीबों में बांटने या विकास कार्यों में लेने हेतु पिछले 30 वर्षों से मुजफ्फरनगर में धरनारत हैं। मूल रूप से शामली जनपद के चौसाना गांव की करीब 4 हजार बीघा सार्वजनिक भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग को लेकर वे 30 साल पूर्व अध्यापक की नौकरी से इस्तीफा देकर धरने पर बैठे थे। उनका मानना है कि शामली व मुजफ्फरनगर जनपद में लगभग 6 लाख बीघा सार्वजनिक भूमि, (तालाब, झील, वन, ग्राम सभा की भूमि)आदि पर अवैध कब्जे हैं। धरने को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, मीरा सैल्स ऑफ दा वर्ल्ड रिकॉर्डस, यूनिक वर्ल्ड्स रिकार्ड ने सबसे लम्बा सत्याग्रह दर्ज किया है।

चंदौली में ट्रक और बस की टक्कर, दो लोगों की मौत

चंदौली, 05 फरवरी (एजेंसी)। अलीनगर थाना क्षेत्र के जनसों की मड़ई के पास मंगलवार की रात नेशनल हाईवे पर महाकुंभ प्रयागराज जा रही मिन